CMYK
दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 11 अंक : 98 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 27 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

## भजनलाल शर्मा ने बेंगलुरु से ही पार्टी के मंत्रियों, विधायकों, संगठन से जुड़े नेताओं से कृषि को लेकर वर्चुअल मीटिंग की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की खेती और किसान के विकास और भलाई के लिए कितने संवेदनशील हैं इसकी झलक रविवार को उस समय देखने को मिली जब ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट और कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए वे जयपुर से बैंगलोर पहुंचे थे। रविवार को बेंगलुरु में उनका काफी व्यस्त कार्यक्रम था बेंगलुरु में उन्होंने कई कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दिखाई लेकिन इस बीच उन्होंने राजस्थान के सरकार के मंत्रियों, पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से वर्चुअल बातचीत की बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने नितिन नवीन के सोमवार को जयपुर और टोंक के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए भी पार्टी के सभी छोटे-बड़े नेताओं से आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने अगले महीने जयपुर में आयोजित होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी विधायकों सरकार के मंत्रियों और संगठन से जुड़े नेताओं से वर्चुअल तरीके से काफी देर तक बातचीत की और कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश के लाखों किसान आएंगे इसलिए यह कार्यक्रम राजस्थान की खेती और कृषक के विकास और कल्याण के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गांव का रोड मैप तैयार करके उन्हें विकसित बनाया जाएगा। इसके लिए 20 मई तक प्रदेश के सभी गांव का रोड मैप तैयार किया जाएगा। प्रदेश के सभी शहर छोटे कस्बे और गांव का सर्वांगीण और समुचित विकास किया जाएगा प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा जैसे कार्यों पर पूरा फोकस रहेगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल मीटिंग में कहा कि ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 180 विधानसभा क्षेत्र में कृषि रथ भेजे जाएंगे जो गांव-गांव घूम फिर कर प्रदेश के किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को एक तरफ जहां सरकार की ओर से कृषि के क्षेत्र में किया जा रहे नवाचार और विकास कार्यों के बारे में जानकारी देंगे तो दूसरी तरफ दुनिया भर में कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों के बारे में भी किसान और पशुपालकों को जानकारी देंगे। इसके अलावा हर रथ में एक सुझाव रखी गई है जिसमें कोई भी व्यक्ति कृषि पशुपालन और अन्य विभागों के बारे में अपनी सलाह और जानकारी पत्र के माध्यम से इस पेटी में रख सकता है। प्रत्येक कृषि रथ के साथ इलाके के विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और कृषि विभाग के कर्मचारी भी साथ रहेंगे इन रथ में ऑडियो वीडियो एलईडी स्क्रीन इत्यादि के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के बारे में जानकारी दी जाएगी इसमें मिट्टी का परीक्षण, जैविक कृषि, फल फूल फ्रूट के उत्पादन आधुनिक खेती, फवारा खेती के बारे में भी किसानों को समुचित जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के सभी मंत्रियों विधायकों और संगठन से जुड़े नेताओं से कहा है कि वे इस प्रोग्राम को काफी गंभीरता से ले

### बेंगलुरु में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रोड शो में शामिल हुए भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को बेंगलुरु में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट रोड शो में शामिल हुए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि वैज्ञानिक और देश दुनिया के कृषि और कृषि उत्पादन से जुड़े अन्य व्यवसायों से जुड़े लोग शामिल रहे। इसके अलावा राजस्थान के कृषि विभाग के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में आए सभी लोगों को मुख्यमंत्री शर्मा ने अगले महीने जयपुर में आयोजित होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट आयोजन के लिए आमंत्रित किया और उन्होंने राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में प्रत्येक जिला अलग-अलग कृषि उत्पादन के लिए अच्छी भूमिका में है। इसलिए उन्होंने बेंगलुरु में भी किसानों के खेतों के पास ही प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने जैसे विषय पर गंभीरता से अपनी बात कही और कहा कि राजस्थान अलग-अलग कृषि उत्पा में पूरे देश में अच्छी भूमिका निभा रहा है ।कई कृषि उत्पादन ऐसे हैं जिसमें राजस्थान पहले नंबर पर हैं तो कई कृषि उत्पादन ऐसे हैं जिसमें राजस्थान दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं । उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान के लोग देश और दुनिया में अलग-अलग जगह पर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा नाम कमा रहे हैं जिसकी वजह से राजस्थान की माटी की सुगंध पूरे देश और दुनिया में हो रही है । उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से भी कहा कि राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं राइजिंग राजस्थान में भी कृषि के क्षेत्र में बड़ी संख्या में समझौते हुए थे जिनमें कई धरातल पर भी आ गए हैं ।रविवार को मुख्यमंत्री शर्मा बेंगलुरु में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए इसके अलावा उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से भी संवादकिया और प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया और कहा कि वर्तमान में राजस्थान में निवेश करना काफी फायदेमंद साबित होगा । उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश करने से जितना फायदा होगा उतना फायदा उन्हें इस समय देश में किसी अन्य राज्य में इन्वेस्ट करने से नहीं होगा क्योंकि राजस्थान के अर्थव्यवस्था वर्तमान में पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रही है।

## कांग्रेस और विपक्षी दलों में परिवारवाद, देश की महिलाओं को सबक सिखाना ही होगा : सीएम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को मानसरोवर एसएफएस चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री जनसुनवाई केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात एपिसोड को सुना और इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा और राठौर ने प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के हर बूथ महिला मजबूत कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया । इस मौके पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष राखी राठौड और महिला मोर्चा के संगठन से जुड़ी सभी बड़ी नेता तथा बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी मौजूद रही। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल शुरू से ही परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं इसीलिए यह सभी पार्टियों महिला आरक्षण बिल के खिलाफ सामूहिक रूप से खड़ी हो गई जिसकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान दिलाना चाहते थे उसमें कांग्रेस और विपक्षी दलों ने बाधा पहुंचाई लेकिन मोदी है तो मुमकिन है इसलिए भले ही कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने 17 अप्रैल को महिला आरक्षण बिल को लेकर जो नकारात्मक रवैया दिखाया उस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिल्कुल भी हताश और निराश नहीं है बल्कि उन्होंने संकल्प लिया है कि वे हर हाल में महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान दिलवा कर रहेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूरे देश की महिलाओं ने 17 अप्रैल को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की ओर से किए गए अपमान को महसूस किया है इसलिए पूरे देश की महिलाएं अपने इस अपमान का बदला जरुर लेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में देश के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े निर्णय और योजनाएं शुरू की जिनकी वजह से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आई है। महिलाओं की कई पीड़ा दूर हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों ने हमेशा महिलाओं को उनके अधिकार से दूर रखा कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को वोट बैंक के रूप में देखा है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए जो कार्य किए हैं उनकी श्रृंखला बहुत लंबी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि देश की संसद और राज्यों की विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं पहुंचे ताकि नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका और ज्यादा हो और महिलाएं महिलाओं के कल्याण और भलाई के बारे में संसद में ज्यादा से ज्यादा अपनी बात रख सके इसी वजह से मोदी सरकार यह बिल लेकर आई थी लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को यह लगा कि अगर यह बिल मंजूर हो गया तो फिर उनके परिजनों और रिश्तेदारों को पार्टी में कैसे आगे बढ़ाएंगे। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर षडयंत्र पूर्वक 17 अप्रैल को इस बिल में बाधा पहुंचाई लेकिन मोदी है तो मुमकिन है इसलिए जिस तरह से पहले बड़े-बड़े निर्णय और बड़े-बड़े फैसले मोदी सरकार ने लिए हैं वैसे ही महिला आरक्षण बिल भी लघु होकर रहेगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हर बूथ, महिला मजबूत अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कि संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियां के बारे में भी शहर शहर गांव गांव जाकर लोगों खासकर महिलाओं को गंभीरता से और बारीकी से समझाएं इसके अलावा महिला आरक्षण दिल को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने 17 अप्रैल को जो नकारात्मक रवैया दिखाया था उसके बारे में भी कांग्रेस और विपक्षी दलों की महिलाओं के प्रति जो नकारात्मक सच है उसके बारे में महिलाओं को बताएं और महिलाओं को पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़े उन्होंने महिला मोर्चा के संगठन से जुड़ी नेताओं से कहा कि प्रदेश में भी पिछले सवा दो साल में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़ी योजनाएं और कई बड़े निर्णय लिए हुए हैं जिनसे प्रदेश भर की महिलाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है ।

## नितिन नवीन के स्वागत के लिए सत्ता और संगठन ने पलक पावडे बिछाए, आज जयपुर और टोंक में होगा ऐतिहासिक स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन पहली बार आज प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं इसलिए नितिन नवीन का ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए सत्ता और संगठन दोनों ही पलक पावडे बिछाए हुए हैं। आज एक तरफ जहां सांगानेर एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय तक कई जगहों पर नितिन नवीन का राजस्थानी अंदाज में स्वागत करने के लिए शानदार तैयारी की गई है तो दूसरी तरफ जयपुर से टोंक के रास्ते में भी कई जगह पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने शानदार तैयारी पूरी कर ली है। नितिन नवीन का आज का यह दौरा निश्चित रूप से प्रदेश में सत्ता और संगठन से जुड़े लोगों को और दुगने उत्साह से काम करने के लिए प्रेरित करेगा क्योंकि नितिन नवीन आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं के साथ मैराथन बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में नितिन नवीन पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स देने के साथ-साथ केंद्र की मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय और कामकाज के प्रभावित तरीके से जनता में प्रचार प्रचार करने के बारे में भी कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर सकते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार दोनों सरकारों की उपलब्धियां को प्रभावित तरीके से शानदार तरीके से जनता में प्रचारित किया जाए इस बारे में संगठन के निचले स्तर पर तैनात पार्टी जनों को आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं तथा पिछले दिनों जिस तरह से महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से जो नकारात्मक रवैया दिखाया इस मामले को भी दमदार तरीके से लोगों के बीच लेकर जाने के बारे में पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को कह सकते हैं । कुल मिलाकर नितिन नवीन का यह दौरा पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों खासतौर से पार्टी से जुड़े युवाओं के उत्साह को गति देने में काफी लाभदायक साबित हो सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज टोंक में प्रदेश के 7 जिलों के पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ सामूहिक संवाद करेंगे इसके अलावा टोंक, जालौर, दौसा साहित्य 7 जिलों के पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य और पार्टी के विधायक और सांसद भी मौजूद रहेंगे इसलिए टोंक में करीब 30000 पार्टी जनों के बैठने के लिए एक भव्य पंडाल स्थापित किया गया है। यहां सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए गए हैं तथा सभा स्थल पर सभी तरह की आधारभूत सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। सभा में आने वाले पार्टी जनों को किसी भी तरह से किसी भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़े इसका भी पूरा ध्यान रखा गया है टोंक जिला भाजपा अध्यक्ष सभा की तैयारी को बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं ने भी मौके पर जाकर सभा स्थल का दौरा किया है और व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी रविवार को मौके पर जाकर सभा स्थल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया नितिन नवीन के आगमन पर राजधानी जयपुर में भी टोंक रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग्स स्थापित करके उनके प्रति भाजपाई अपना गहरा प्यार जाता रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश भाजपा कार्यालय और आसपास के इलाके में जगह-जगह बड़ी संख्या में बीजेपी की झंडिया और नितिन नवीन के फोटो संबंधी पोस्टर और होर्डिंग स्थापित किए गए हैं इसी तरह से टोंक शहर में भी नितिन नवीन के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में होर्डिंग्स और बैनर स्थापित करके तथा बड़ी संख्या में बड़े-बड़े बाजारों चौराहा और मुख्य सड़कों पर भाजपा की झंडिया स्थापित की गई हैं कुल मिलाकर टोंक और जयपुर को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक तरह से दुल्हन की तरह सजा दिया है।




## पीएम मोदी का मन की बात एपिसोड पूरे देश को दे रहा सकारात्मक ऊर्जा और नई दिशा : दिया कुमारी

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जयपुर में सरकारी आवास में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के इस महत्वपूर्ण एपिसोड को सुना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जयपुर में सिविल लाइंस स्थित अपने सरकारी आवास पर सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात एपिसोड को सुना और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश, विजन और उनकी बातों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम पूरे देश को सकारात्मक ऊर्जा और एक नई दिशा दे रहा है इस कार्यक्रम में मोदी देश भर में अलग-अलग इलाकों में हो रहे नवाचार और कई महत्वपूर्ण जानकारियां हमें प्रदान करते हैं जिनके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारियां होती है। इसलिए पीएम मोदी पूरे देश भर में अलग-अलग राज्यों में ढूंढ ढूंढ कर ऐसी रोचक जानकारियां हमें प्रदान करते हैं जिन्हें सुनकर और देखकर हर कोई प्रेरित होता है। इसमें पीएम मोदी उन प्रतिभाओं के बारे में भी प्रभावी तरीके से जानकारी देते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में चुपचाप अपना काम शानदार तरीके से कर रहे हैं जिससे देश में एक सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बन रहा है इसलिए यह कार्यक्रम भारत को नई दिशा और गति दे रहा है इसीलिए पूरा भारतवर्ष प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम को हर सूरत में सुनता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरह उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी नियमित रूप से प्रधानमंत्री मोदी के इस एपिसोड को सामूहिक रूप से लोगों के साथ हमेशा सुनती हुई नजर आती हैं और लोगों को मोदी के इस एपिसोड को सुनने के लिए प्रेरित भी करती हैं और लोगों को यह बताती भी है कि मोदी का यह कार्यक्रम देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है इसके लिए जिस दिन मोदी का यह कार्यक्रम होता है उस दिन अगर दिया कुमारी जयपुर में रहती हैं तो वे मोदी के इस कार्यक्रम को सुनने के लिए बाकायदा अपने सिविल लाइंस स्थित आवास पर लोगों के बैठने के लिए शानदार और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करती हैं ताकि लोग आराम से बैठकर पीएम मोदी के इस कार्यक्रम को लाइव सुन सके।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
27 अप्रैल, 2026

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला अलवर में सम्पन्न, मेजबानी के लिए अलवर शाखा सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत की महत्वपूर्ण प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन अलवर शाखा के आतिथ्य में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। तीन जिलों–अलवर, कोटपुतली-बहरोड़ और खैरथल-तिजारा–की विभिन्न शाखाओं से पदाधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। सफल आयोजन के लिए प्रांत द्वारा अलवर शाखा को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद की वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व प्रांतीय संरक्षक डॉ. कुमकुम कपूर ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन का दायित्व अलवर मुख्य शाखा को



सौंपा गया था, जिसके तहत सभी पदाधिकारियों एवं प्रकल्प संयोजकों की उपस्थिति में विस्तृत रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इसके बाद वंदे मातरम् का गायन किया गया। प्रथम सत्र में शाखा अध्यक्ष गिरिश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यशाला संगठन के उद्देश्यों को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान संयुक्त महासचिव (रीजन) डॉ. शिव दयाल मंगल ने परिषद के उद्देश्य व दर्शन पर प्रकाश डाला, वहीं प्रांतीय महासचिव ओमप्रकाश रावत ने संगठनात्मक संरचना, नियमावली एवं पदाधिकारियों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील खंडेलवाल ने संपर्क, विजय कुमार खूंटेटा ने सेवा गतिविधियों, राजीव शरण सक्सेना ने संस्कार, डॉ. कुमकुम कपूर ने महिला सहभागिता तथा डॉ. नितिन रस्तोगी ने पर्यावरण विषयों पर विचार व्यक्त किए। दोपहर पश्चात आयोजित तृतीय सत्र में शाखा संचालन, कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, वित्तीय पारदर्शिता, बैंक खातों की समीक्षा एवं भारत विकास परिषद ऐप के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही टीम वर्क, रिपोर्टिंग व्यवस्था और गतिविधियों के फीडबैक तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रमन सोनी एवं शोभा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिनेंद्र जैन, डॉ. के.के. गुप्ता, अशोक मित्तल, रमेश चंद अग्रवाल, राधेश्याम, उमाशंकर गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, लोकेश गोयल, दिलीप गोयल सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव अशोक कुमार गुप्ता ने दिया।

## कोटा में सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक बालकनाथ योगी, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद



जयपुर टाइम्स

**कोटा/अलवर(निसं.)।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी रविवार को कोटा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कोटा (रींछी) में आयोजित श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान सरकार के मंत्री मदन दिलावर, हीरालाल नागर सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। विधायक बालकनाथ योगी ने नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों, कार्यकर्ताओं एवं समाज के अग्रणी बंधुओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है, जो सादगी, समरसता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हुए आदर्श स्थापित करते हैं।

## अलवर जिला स्तरीय सीनियर ओपन शतरंज चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला स्तरीय सीनियर ओपन शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन अलवर जिला शतरंज संघ द्वारा चतुरंग संस्थान पर किया गया। जिला संघ सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि प्रतियोगिता शतरंज की स्विस पद्धति के आधार पर 5 राउंड में सम्पन्न हुई। जिसमें राघव चौधरी प्रथम, दिव्यांश वैष्णव द्वितीय एवं गौरव कुमार शर्मा तीसरे, देवांश यादव चतुर्थ स्थान पर रहे। प्रथम चार स्थानों पर आने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप के लिए हुआ। विजेता खिलाड़ी 16 से 20 मई को कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समापन कार्यक्रम में संघ उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता एवं अर्चना सिंघल ने पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर हर्षवर्धन जोशी, डॉ राकेश गुप्ता, रजनीश जैमन, नवीन शर्मा, हर्षित, यश सोमवंशी आदि मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू महासंघ में महिला मोर्चा का विस्तार, लता जैन उपमंत्री व मीरा यादव कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकारिणी विस्तार के तहत महिला मोर्चा में नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन के संरक्षक लक्ष्मेश कुमार सिंह की अनुशंसा पर एवं जिलाध्यक्ष मनीष द्विवेदी के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की महामंत्री रूबी वर्मा ने लता जैन को जिला



उपमंत्री (महिला मोर्चा) अलवर तथा मीरा यादव को जिला कार्यकारिणी सदस्य (महिला मोर्चा) अलवर पद पर नियुक्त किया। नियुक्ति के अवसर पर महासंघ के महामंत्री यश भार्गव ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज में हो रहे अत्याचार के विरुद्ध मुखर भूमिका निभाएं। इस मौके पर संस्कार भारती अलवर के कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य भवेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेघालय में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी का किसानों से सीधा संवाद, योजनाओं पर लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**शिलांग/नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ का दो दिवसीय मेघालय दौरा रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने शिलांग स्थित पूर्वी पश्चिम खासी हिल्स क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उत्तर पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र अनुसंधान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने किसानों, कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा स्थानीय कृषि संगठनों से मुलाकात कर उनके अनुभव, समस्याएं और सुझाव विस्तार से सुने। उन्होंने कहा कि किसानों से मिलने वाला फीडबैक सरकार की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में अहम



भूमिका निभाता है। इस अवसर पर किसानों को कृषि सहायक उपकरण भी वितरित किए गए, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि विकास, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। दौरे के पहले दिन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया था। साथ ही विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर कार्यों की स्थिति को समझा और किसानों से सीधे संवाद कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया। दौरा समाप्त होने के बाद मंत्री शिलांग से हवाई मार्ग की ओर से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वहां से वे रेल मार्ग की ओर से अपने संसदीय क्षेत्र किशनगढ़ (अजमेर) के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिले में 28 अप्रैल से प्रारंभ होगा ग्राम रथ अभियान

## 13 विभागों की योजनाओं की दी जाएगी जानकारी, आमजन से लिए जायेगे सुझाव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा कृषक पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए चलाई जारी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य रसे एलईडी मोबाइल वैन आधारित जन जागरूकता हेतु ग्राम रथ अभियान' संचालित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जिले में 28 अप्रैल से होगा। जिले की 5 ग्रामीण विधानसभाओं (अलवर ग्रामीण, रामगढ़, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, कठूमर व थानागाजी) में यह रथ आगामी 15 दिवस तक संचालित होंगे जिनके रूट चार्ट तैयार किए गए हैं। इन रथो के व्यवस्थित सुसंचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे तथा विधानसभा स्तर पर संबंधित उपखंड अधिकारी उसे विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन विकास रथों के माध्यम से मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान(ग्राम ) से जुड़े 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा यथा- कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, उर्जा, राजस्व, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग शामिल है। प्रत्येक विकास रथ में हैं विभागों की प्रचार प्रसार सामग्री भी उपलब्ध रहेगी तथा इन रातों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है जिसमें स्थानीय ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

## राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला सम्पन्नः 5.50 करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री, श्रेष्ठ संस्थाएं सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी के जवाहर कला केंद्र में आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला रविवार को भव्य समापन के साथ सम्पन्न हो गया। इस बार मेले ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 5.50 करोड़ रुपये से अधिक के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री दर्ज की, जो अब तक की सर्वाधिक है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1.25 करोड़ रुपये अधिक रहा। सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में इस बार कई नई पहल देखने को मिलीं। सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने बताया कि मेले में पहली बार करीब 160 स्टॉल लगाए गए, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पहली बार ट्रॉली की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेले में पहली बार जेनेरिक दवाओं की जानकारी देने के लिए विशेष स्टॉल लगाया गया। साथ ही जैविक उत्पाद, श्री अन्न, एक जिला एक उत्पाद तथा भौगोलिक संकेतक टैग वाले उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया। इस बार ग्राम सेवा सहकारी समितियों और कृषक उत्पादक संगठनों की भागीदारी भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। शासन सचिव ने मेले के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे सहकारिता क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

**श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानः** समापन समारोह में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### बिक्री में अव्वल रहीं संस्थाएंः

सर्वाधिक बिक्री की श्रेणी में कॉनफेड प्रथम, तिलम संघ द्वितीय और आरसीडीएफ (जयपुर डेयरी) तृतीय स्थान पर रहे। जिला उपभोक्ता भंडारों में कोटा प्रथम, उदयपुर द्वितीय और बारां तृतीय स्थान पर रहे। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में मथानिया प्रथम, बिलाड़ा द्वितीय और नागौर तृतीय स्थान पर रहे। ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पलसाना (सीकर) प्रथम तथा निमोद द्वितीय स्थान पर रहे। नवाचार श्रेणी में बाड़मेर जिले की सुंदरा ग्राम सेवा सहकारी समिति को सम्मानित किया गया।

### लेआउट श्रेणी में भी सम्मानः

लेआउट श्रेणी में शीर्ष संस्थाओं में कॉनफेड प्रथम, अपेक्स बैंक द्वितीय और आरसीडीएफ तृतीय स्थान पर रहे। जिला उपभोक्ता भंडारों में उदयपुर को प्रथम, भीलवाड़ा को द्वितीय और बाड़मेर को तृतीय स्थान मिला।

## सेवा कार्य से हुआ भार्गव युवा संघ के नवीन सत्र का शुभारंभ, दिव्यांग बच्चों संग बिताया समय



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भार्गव युवा संघ, अलवर ने अपने नवीन सत्र की शुरुआत समाज सेवा के साथ करते हुए आदर्श सोशल वेलफेयर फाउंडेशन में मानसिक दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण समय बिताया और उन्हें आवश्यक सामग्री भेंट की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की निदेशक पायल प्रधान एवं काउंसलर रेखा महलावत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद संघ के सदस्यों ने बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ समय बिताकर उन्हें खुशियां देने का प्रयास किया। संघ की अध्यक्ष अनुमेहा भार्गव एवं सचिव दीपशिखा भार्गव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों के जीवन में खुशी के कुछ पल जोड़ना है। उन्होंने संस्था की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर संरक्षक आशीष भार्गव, कोषाध्यक्ष विनोद भार्गव, महिला सभा की वीणा भार्गव, उषा भार्गव सहित युवा सदस्य विकास, विनीत, आशीष, निधि, शुची, दीक्षा, मानिनी, रुचि, रूबी एवं यश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### नाबालिग दुष्कर्म मामलाः

## पीड़ित परिवार से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह



### निष्पक्ष जांच की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** रेणी उपखंड के एक गांव में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एआईसीसी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सिंह ने पुलिस प्रशासन व राज्य सरकार से मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी सजा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी, उचित आर्थिक सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि वे बिना भय के न्याय प्रक्रिया में सहयोग कर सकें। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अलवर अध्यक्ष प्रकाश गंगावत, विधायक मांगेलाल मीणा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# धंसती सड़क, बढ़ता खतरा, शहर में हादसों को न्योता

जयपुर टाइम्स

**अलवर। गोपेश कुमार** शहर के एनईबी, कृषि उपज मंडी के पीछे मार्च माह में नवनिर्मित डामर सड़क कुछ ही दिनों में धंस जाने का मामला सामने आया है, जिसने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि सड़क के धंसने के बाद किए गए पेचवर्क भी टिकाऊ साबित नहीं हो पाए और बार-बार मरम्मत के बावजूद सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण के कुछ दिन बाद ही उसमें गड्ढे बनने लगे थे। विभाग द्वारा जल्दबाजी में पेचवर्क कर स्थिति सुधारने का प्रयास किया गया, लेकिन यह मरम्मत भी कुछ ही दिनों में फिर से धंस गई। इसके बाद दोबारा पेचवर्क किया गया, जो अब भी टिकाऊ नहीं दिख रहा है। शहर में इन दिनों विभिन्न स्थानों पर सीवरेज लाइन डालने का कार्य भी जारी है। ऐसे में जहां-जहां खुदाई की गई है, वहां सड़क का बार-बार धंसना निर्माण



कार्यों में घोर लापरवाही और तकनीकी मानकों की अनदेखी को उजागर करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेस लेयर और संपीड़न (कम्पेक्शन) सही तरीके से नहीं किया जाए तो सड़क टिकाऊ नहीं हो सकती।स्थानीय नागरिकों में इसको लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि सरकारी धन खर्च होने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो रहा, जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही, आने वाले मानसून में स्थिति और खराब होने की आशंका जताई जा रही है। बारिश के दौरान सड़क धंसने और बड़े गड्ढे बनने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क का पुनर्निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए।



### प्रशासन की जिम्मेदारी तय हो

बार-बार हो रहे पेचवर्क से यह साफ है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन है? यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# नितिन नवीन का आज पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ किया जाएगा भव्य स्वागत अभिनंदन : श्रवण सिंह बगड़ी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार आज राजस्थान प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला प्रदेश दौरा है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन में विशेष उत्साह है। राजधानी जयपुर में उनके स्वागत में पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ भव्य आयोजन किए जाएंगे। पुष्कर एवं गंगानगर के लोक कलाकार ढोल-नगाड़ों और बैगपाइपर के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उनका स्वागत करेंगे। भाजपा महामंत्री बगड़ी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार नितिन नवीन प्रातः 10:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से प्रस्थान कर 11:15 बजे टोंक पहुंचेंगे। टोंक में 11:30 बजे वे भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही बूंदी,




प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू, पाली एवं बाड़मेर जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन तथा जालौर जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित करेंगे। बगड़ी ने बताया कि टोंक कार्यक्रम के पश्चात नितिन नवीन दोपहर 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां पहले मंत्रीमंडल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद एयरपोर्ट के बाहर बगरू, सांगानेर और चाकसू विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। यहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। युवा मोर्चा कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से उनके काफिले की अगुवाई करेंगे। सांगानेर, बगरू, चाकसू, बस्सी, फुलेरा, दूदू,आमेर, जमवारामगढ, आदर्श नगर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, झोटवाडा, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर स्वागत करेंगे। बगड़ी ने बताया कि पत्रिका गेट, वर्ल्ड ट्रेड पार्क (डब्ल्यूटीपी), शिक्षा संकुल, कनोडिया कॉलेज, जेडीए सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल एवं राजमहल पैलेस पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंच बनाकर स्वागत अभिनंदन करेंगे। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजमहल पैलेस पर पारंपरिक कलश के साथ स्वागत किया जाएगा। महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा कलश लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवी की अगुवाई करेंगी और भाजपा प्रदेश कार्यालय तक आएंगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे प्रदेश पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी की बैठक लेंगे। बैठक के उपरांत वे रात्रि में दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## टोंक में भाजपा कार्यालय और सभा स्थल से 50 मीटर दूर विस्फोट की आवाज सुनकर भाजपाइयों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** टोंक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय और नितिन नवीन की सभा स्थल से महज करीब 50 मीटर दूर कृषि ऑडिटोरियम में जोरदार धमाके की आवाज सुनकर सभा स्थल और पार्टी कार्यालय में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं में खलबली मच गई अचानक विस्फोट की तेज आवाज सुनकर मौके पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दौड़कर बाहर आए बाद में पता चला कि कृषि ऑडिटोरियम में एयर कंडीशनर की मरम्मत का कार्य चल रहा था इसी दौरान विस्फोट हो गया जिसमें वहां कार्य कर रहा एक मजदूर भी थोड़ा घायल हुआ है जब भाजपा कार्यकर्ताओं को यह पता चला कि यह विस्फोट एयर कंडीशनर को ठीक करने के दौरान हुआ है तब उन्हें थोड़ी राहत मिली अन्यथा उन्हें ऐसा लग रहा था कि किसी ने षडयंत्र पूर्वक तो विस्फोट नहीं किया लेकिन यह एक हादसा निकला तब जाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को तसल्ली मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को नितिन नवीन पहली बार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं और टोंक में सात जिलों के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ उनकी विशेष बैठक है इसलिए सभा स्थल पर करीब 30000 भाजपा कार्यकर्ताओं के बैठने का इंतजाम किया गया है सभा स्थल पर सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है और सभा की तैयारी को देखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के टोंक और प्रदेश भर के संगठन से जुड़े नेता लगातार यहां दौरा भी कर रहे हैं इसलिए सभा स्थल से करीब 50 मीटर दूर ही कृषि ऑडिटोरियम है जहां से विस्फोट की आवाज सुनी तो सभा स्थल और टोंक भाजपा कार्यालय में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में खलबली मच गई और वह तोड़कर बाहर आ गए लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि यह एक हादसा था इसके बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं और पार्टी के बड़े नेताओं ने राहत की सांस ली ।

## पार्वती नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों की लाश बरामद, ग्रामीणों ने कई बच्चों को बचाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के धौलपुर जिले में मनिया थाना इलाके में रविवार को गढ़ाईच गांव में पार्वती नदी में मौज मस्ती करने गए थे बच्चे नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए जिनमें तीन बच्चों की मौत होने की जानकारी भी मिली है हालांकि ग्रामीणों ने और गोताखोरों ने कई बच्चों को बचाया भी है लेकिन खबर लेकर जाने तक कुछ बच्चों की तलाश जारी थी इसलिए कहा जा रहा है कि इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है फिलहाल मृतक बच्चों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है पूरे गांव में शोक की लहर छाई हुई है । जानकारी के अनुसार रविवार को स्कूल की छुट्टी होने की वजह से कई बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए पार्वती नदी में मौज मस्ती करने के लिए पहुंच गए और नदी में नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए गरीब नदी में नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए करीब दर्जन बच्चे नदी में मौज-मस्ती कर रहे थे लेकिन मौज मस्ती के दौरान ही नहाते नहाते नदी के गहरे पानी में चले गए इस दौरान जब कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गए तो फिर उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गए लेकिन जो बच्चे गहरे पानी में अन्य बच्चों को बचाने के लिए गए थे वह भी पानी में डूब गए इस तरह से इस हादसे में तीन बच्चों की बॉडी बरामद कर ली गई है और कई बच्चों को ग्रामीणों ने और मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने बचाया भी है जिन्हें उपचार के लिए निकट के अस्पताल में भी भर्ती करवाया गया है इसके अलावा खबर लेकर जाने तक कुछ बच्चे और थे जिनकी नदी में तलाश की जा रही है लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को भी संदेह है कि कहीं ना कहीं बच्चे गहरे पानी में चले गए हैं इसलिए इस हादसे में मृतक बच्चों की संख्या बढ़ सकती है मृतक बच्चों के नाम 12 वर्षीयभूरा पुत्र रामबरन, 14 वर्षीय निशु और 12 वर्षीय सोनम पुत्री रघुवीर है यह सभी बच्चे पड़ोस के गांव के ही रहने वाले थे इसलिए पूरे गांव में मातम सा छाया हुआ है ।

## भीषण सड़क हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत, एक दोस्त का उपचार जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के झुंझुनू जिले में शनिवार की देर रात मंड्रेला रोड पर ईश्वर पुर गांव के पास रोड पर अचानक एक जानवर के आ जाने की वजह से कार का संतुलन बिगड़ गया और वह रोड पर ही कई पलटी खाते हुए रोड से नीचे उतरकर करीब 15 फीट दूर खेत में गिर गई इस दौरान कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जिसमें एक युवक की लाश तो काफी देर तक मिली ही नहीं बाद में युवक की बॉडी खेत में पेड़ों की ओट में पड़ी हुई मिली इस तरह से माना जा रहा है कि गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी इसलिए संतुलन बिगड़ जाने की वजह से गाड़ी ने कई बार पलटी खाई पलटी खाने के दौरान ही गाड़ी में सवार एक युवक गाड़ी का फाटक खुलने की वजह से शायद वह गाड़ी से बाहर गिर गया बाद में उसकी मौत हो गई हालांकि यह हादसा शनिवार की देर रात करीब 12:00 बजे हुआ था लेकिन इस हादसे की खबर जब रात को ही ग्रामीणों को मिली तो ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को बरामद किया तथा गाड़ी में सवार दो जने तो मृतक अवस्था में मिले तथा एक जना गंभीर घायल अवस्था में मिला जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है जहां उसका उपचार खबर लेकर जाने तक जारी था बाकी तीनों युवकों की बॉडी की पहचान भी हो गई है और पोस्टमार्टम करके बॉडी को परिजनों को दे दिया गया है जानकारी के अनुसार गाड़ी में सवार सभी चारों युवक आपस में गहरे दोस्त थे और इलाके में एक भजन संध्या में शामिल होकर वापस झुंझुनू लौट रहे थे लेकिन ईश्वरपुर गांव के पास शायद रोड पर अचानक कोई जानवर आ गया जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी के चालक ने ब्रेक लगाया होगा जिसकी वजह से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह कई पलटी खाकर रोड से नीचे उतरकर खेत में करीब 15 फीट दूर जाकर गिर गई जानकारी के अनुसार हादसे में झुंझुनूं निवासी विजय गौरव सैनी और सुनील शुक्ला की डेथ हुई है तथा जितेंद्र बलिया घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है ।

## सरकारी प्रिंसिपल को युवक ने पीटा, गला दबाया, जमीन पर पटका

**जोधपुर (निस.)**जोधपुर में एक सरकारी प्रिंसिपल के साथ कॉलेज स्टूडेंट ने सरेराह मारपीट की। युवक ने प्रिंसिपल को गाली-गलौज करते हुए चेहरे पर मुक्के मारे, पेट पर लात मारी। वहीं गला दबाया। इसके बाद जमीन पर पटककर मारा। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करते हुए प्रिंसिपल को बचाने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी युवक ने उन्हें भी धमकी देते हुए उन्हें भी अपशब्द कहे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना बनाड़ थाना इलाके की शनिवार शाम 6:45 बजे की है। लक्ष्मण नगर नांदड़ी निवासी शिवराम (52) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि मैं नांदड़ी के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हूं। मैं किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी युवक ने मारपीट की। पीड़ित शिवराम ने बताया- श्रीराम कॉलोनी सारण नगर से शनिवार शाम 6:45 बजे जा रहा था।

## आदिवासी क्षेत्रों में अज्ञात बीमारी से बच्चों की मौत को लेकर सरकार क्यों है चुप : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने धरियावद के लालपुरा गांव पहुंचकर अज्ञात बीमारी से जान गंवाने वाले मासूम बच्चों के पीड़ित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की। परिजनों का दुख बांटते हुए जूली ने गहरी संवेदना व्यक्त की और सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए। मीडिया से मुखातिब होते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लसाड़िया और धरियावद जैसे पिछड़े आदिवासी इलाकों में मासूमों की जान जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग अब तक बीमारी के कारणों का पता लगाने में नाकाम रहा है। जूली ने कहा किविभाग में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के पद रिक्त हैं और इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए । उन्होंने मौके से ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सचिव गायत्री राठौर से दूरभाष पर वार्ता की और उनसे वास्तविक स्थिति साझा करते हुए उन्हें यहाँ की स्थिति पर ध्यान देने के लिए कहा। जूली ने प्रदेश सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि जब इलाके में ऐसी त्रासदी मची है तब सत्ता पक्ष का कोई भी जिम्मेदार नेता यहाँ सांत्वना देने तक नहीं पहुँचा है, जो यह दर्शाता है कि सरकार को केवल वोटों की राजनीति से सरोकार है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े संकट के बावजूद अब तक पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस सरकार के समय चिरंजीवी योजना के अंतर्गत दुर्घटना या गंभीर परिस्थितियों में 5 लाख रुपए की सहायता का प्रावधान था, लेकिन वर्तमान सरकार आमजन को उनके हाल पर छोड़ चुकी है। दौरे के अगले चरण में नेता प्रतिपक्ष प्रतापगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान मनरेगा कार्यशाला में शामिल हुए। वहां संबोधित करते हुए उन्होंने तंज कसा कि सरकार ने मनरेगा योजना का नाम तो बदल दिया लेकिन धरातल पर योजना दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी क्षेत्रों में फ़ार्म भरे नहीं जा रहे और रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। श्रमिक आज मजदूरी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पंचायत चुनाव न करवाने के मुद्दे पर जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार हार के डर से पंचायतीराज एवं निकाय चुनाव कराने से लगातार बच रही है और समय पर चुनाव नहीं करवाकर लोकतंत्र का अपमान कर रही है।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर फिर 5 करोड़ की हीरोइन बरामद, पाकिस्तान से ड्रोन से गिराया गया यह पैकेट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पाकिस्तान में बैठे अवैध मादक पदार्थों के तस्कर राजस्थान की मिलिट्री पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के सहयोग से राजस्थान की सीमा इलाके में अपने संपर्क सूत्रों को हीरोइन, चरस, गांजा इत्यादि अवैध मादक पदार्थ पहुंचा रहे हैं हालांकि भारत पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ के जवानों की सजकता से कई बार पाकिस्तान से आए अब एकदम मादक पदार्थ के पैकेट बरामद भी किए गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी पाकिस्तान में बैठे तस्कर लगातार राजस्थान की सीमा में अवैध मादक पदार्थ भिजवा रहे हैं इसलिए यह तो तय है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर राजस्थान में कई जिलों में रह रहे कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कहीं ना कहीं पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में है इसलिए पाकिस्तान में बैठे तस्कर अपने अवैध कारोबार को गति दिए हुए हैं फिलहाल पिछले कुछ महीनो से राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने भी भारी मात्रा में प्रदेश भर में अवैध मादक पदार्थ बरामद करने के अलावा बड़ी संख्या में आए दिन तस्करों को भी अरेस्ट किया जा रहा है अभी श्री गंगानगर जिले में केसरी सिंह पुरा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई में भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर कई 5 करोड रुपए कीमत की हीरोइन बरामद की है यह हीरोइन एक पैकेट में भरी हुई थी इसके बारे में माना जा रहा है कि यह पैकेट ड्रोन की सहायता से पाकिस्तान के तस्करों ने गिराया है हालांकि इस मामले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बीएसएफ के जवानों ने तस्कर को मौके पर ही दबोच भी है अब गिरफ्तार किए गए तस्कर से बरामद की गई है हीरोइन के बारे में तमाम तरह की जानकारी जुटा जा रही है एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर इस बात का पता लग रही है कि यह पैकेट पाकिस्तान से कैसे और किस तरह से यहां पहुंचा और इस पैकेट को वह कहां और किन लोगों तक सप्लाई करने जा रहा था इसके अलावा गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह इस धंधे में कब से शामिल है और पाकिस्तान में बैठे किन लोगों से उसकी बातचीत होती है वह पाकिस्तान में बैठे तस्करों से कैसे संपर्क में रहता है कैसे उनसे बातचीत करता है इसके अलावा गिरफ्तार किए गए तस्कर के स्थानीय नेटवर्क के बारे में भी पूछताछ की जा रही है इसलिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से आने वाले दिनों में इस मामले में कुछ और लोगों की गिरफ्तारियां भी हो सकती है गिरफ्तार तस्कर के मोबाइल फोन बैंक अकाउंट और उनके परिजनों के मोबाइल फोन बैंक अकाउंट इत्यादि की भी जांच पड़ताल की जा रही है

## रेलवे के जयपुर मंडल में यात्रियों के लिए स्वच्छ और स्वास्थ्यकर चादरें उपलब्ध कराने हेतु मशीनीकृत लॉन्ड्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे का जयपुर मंडल सबसे बड़े मंडलों में से एक है, जहां से जयपुर स्टेशन से 30 से अधिक ट्रेनें चलती हैं और प्रतिदिन लगभग 128 ट्रेनें गुजरती हैं। जयपुर से चलने वाली ट्रेनों की संख्या को और बढ़ाने के लिए, खातीपुरा में अत्याधुनिक रखरखाव सुविधाओं के प्रावधान के साथ एक व्यापक योजना विकसित की गई है, जिसके शीघ्र ही चालू होने की संभावना है। जयपुर मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी रहा है और इसमें स्वच्छ चादरें उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। हाल ही में, जयपुर मंडल भारतीय रेलवे में पहला मंडल बना जिसने ट्रेन संख्या 12981,12982 (जयपुर- असारवा-जयपुर) के सभी एसी कोच यात्रियों के लिए कंबल कवर उपलब्ध कराए। इस पहल का उद्घाटन रेल मंत्री ने किया और यात्रियों से इसे बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी के आधार पर, हाल ही में शुरू की गई न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में भी सभी कोचों में कंबल कवर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक एसी कोच के यात्री को दो बेडशीट, एक फेस टॉवल, एक पिलो कवर, एक कंबल और एक तकिया वाला बेडरोल किट दिया जाता है। यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए, रेलवे प्रत्येक यात्रा के बाद बेडशीट, पिलो कवर, फेस टॉवल और कंबल कवर धोता है ताकि उन्हें साफ-सुथरा रखा जा सके। लॉन्ड्री में भाप आधारित धुलाई प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है जो न केवल कपड़ों की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करती है बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से कीटाणुरहित भी करती है, जिससे उच्चतम स्वच्छता मानकों के अनुसार रोगाणु और जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। इस सुविधा के लिए, रेलवे ने जयपुर के करतारपुरा में एक अत्याधुनिक मशीनीकृत लॉन्ड्री स्थापित की है, जिसकी क्षमता लगभग 15 टन प्रतिदिन है। लॉन्ड्री में 16 स्वचालित वाशिंग मशीन, स्वचालित फोल्डर वाली 5 स्वचालित कैलेंडरिंग मशीनें (धुले हुए कपड़ों को इस्त्री करने के लिए) और 5 ड्रायर के साथ-साथ वाटर सॉफ्टनर, एयर कंप्रेसर, बॉयलर और अन्य सहायक उपकरण जैसे आवश्यक सपोर्ट सिस्टम भी मौजूद हैं। इस लॉन्ड्री की सबसे अनूठी विशेषताओं में से एक यह है कि धुलाई के बाद, लिनेन को एआई आधारित लिनेन निरीक्षण और छँटाई सहायता प्रणाली (एलआईएसए) के माध्यम से संसाधित किया जाता है - जो स्वचालित रूप से गंदे और दागदार लिनेन का निरीक्षण और छँटाई करती है। जयपुर मंडल की एक नई पहल के तहत, जयपुर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में एसी कोच के सभी यात्रियों को कंबल कवर की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है जिससे लॉन्ड्री का काम बढ़ जाएगा। सफाई, स्वच्छता और पर्यावरण के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय लागू किए गए हैं ।

## जयपुर में ऐतिहासिक स्वागत की तैयारीः पांच हजार मोटरसाइकिलों की रैली से गूंजेगा युवा जोश

### संगठन शक्ति का होगा भव्य प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के जयपुर आगमन को लेकर शहर में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल बना हुआ है। उनके स्वागत में आयोजित होने जा रहा भव्य समारोह और पांच हजार मोटरसाइकिलों की विराट रैली न केवल जयपुर की सड़कों पर युवा शक्ति का प्रदर्शन करेगी, बल्कि संगठन की एकजुटता और ऊर्जा का भी प्रभावशाली संदेश देगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर जयपुर शहर कार्यालय में एक रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, व्यवस्थाओं, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक स्वागत कार्यक्रम नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और युवा शक्ति के समर्पण का जीवंत उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें। उन्होंने विशेष रूप से अनुशासन, समयबद्धता और




एकरूपता बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि यह आयोजन प्रदेशभर में एक मिसाल बने। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मोटरसाइकिल रैली न केवल संगठन की ताकत को प्रदर्शित करेगी, बल्कि युवाओं में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार भी करेगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने का माध्यम बनेगा। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम जयपुर आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए युवा मोर्चा का हर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगा। जिला महामंत्री रेखा राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मिले इस अवसर को ऐतिहासिक बनाएं और पूर्ण मेहनत, समर्पण तथा अनुशासन के साथ कार्यक्रम में भाग लें।

# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोकतंत्र बचाओ संगठन बढ़ाओ अभियान को लेकर मैराथन बैठक, बड़ी संख्या में कांग्रेसजन हुए शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोकतंत्र बचाओ संगठन बढ़ाओ अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक में जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील शर्मा और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य बड़े नेता और जयपुर के कोने-कोने से आए संगठन से जुड़े नेता उपस्थित रहे बैठक में प्रदेश की भजनलाल सरकार और केंद्र के मोदी सरकार के कामकाज और कार्य शैली पर नाराजगी और आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र को नष्ट कर रही है इसलिए यही समय है सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता बिना किसी घबराहट और डर के सामूहिक रूप से इन दोनों ही सरकारों के खिलाफ प्रभावी तरीके से लड़ाई लड़े इसके लिए एक तरफ





जहां जन जन तक केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहित की नीतियों के बारे में लोगों को बताया जाए लोगों को यह बताया जाए कि इस तरह से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने में जुटी हुई है कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित नही करवाना साफ दिख रहा है कि भजनलाल सरकार लोकतंत्र और संविधान का सरासर उल्लंघन कर रही है कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि भजनलाल सरकार जानबूझकर पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित नहीं करवा रही क्योंकि प्रदेश की जनता पिछले सवा दो साल में प्रदेश सरकार से काफी परेशान हो चुकी है पिछली सरकार के अच्छे कार्यों और अच्छी योजनाओं को या तो कमजोर कर दिया गया है या फिर उन्हें बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से प्रदेश की जनता में नाराजगी भी है भजनलाल सरकार को ऐसा लग रहा है कि अगर वर्तमान में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव करवाए जाएंगे तो भारतीय जनता पार्टी को करारी पराजय का सामना करना पड़ेगा इसलिए जानबूझकर सरकार चुनाव नहीं करवा रही क्योंकि भजनलाल शर्मा यह जानते हैं कि अगर राजस्थान में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होते हैं और उनकी पार्टी हारती है तो फिर उनके मुख्यमंत्री की कुर्सी भी जा सकती है इसीलिए भजनलाल सरकार जानबूझकर पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित नहीं करवा रही इस महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि जब तक पार्टी का संगठन निचले स्तर पर मजबूत नहीं होगा और जब तक हम निचले स्तर पर लोगों के साथ लगातार बातचीत करके उन्हें केंद्र की मोदी और प्रदेश की भजनलाल सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जानकारी नहीं देंगे तब तक हम ठीक तरह से कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों को नहीं जोड़ पाएंगे इसलिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेता लगातार अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से मिलते रहे मुलाकात करते रहें और सरकार की गलत निर्णय के बारे में लोगों को बताते रहे लोगों को यह भी बताते रहे की पंचायत राज के नहीं करवाने की वजह से केंद्र सरकार ने प्रदेश की.पंचायत के करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं किया है इन सब बातों को अगर हम प्रभावी तरीके से लोगों को बताएंगे तो निश्चित रूप से प्रदेश के लोग कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से जुड़ेंगे इसलिए सभी कांग्रेस जन सामूहिक रूप से पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करें ताकि आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी का और अच्छा प्रदर्शन हो तथा अगले विधानसभा चुनाव में भी हमें अच्छी सफलता मिले इसलिए कार्यकर्ताओं को अभी से कड़ी मेहनत करनी होगी इस तरह से बैठक में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस जनों को आवश्यक टिप्स और दिशा निर्देश भी दिए ।

## सम्पादकीय

### बंपर वोटिंग के मायने: लोकतांत्रिक चेतना के साथ प्रतिस्पर्धा




पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के तहत गुरुवार को हुआ मतदान पार्टियों के बीच जीत के लिए जोर-आजमाइश या राजनीतिक खींचतान से ज्यादा डाले गए वोट के फीसद के लिए दर्ज किया जाएगा। निश्चित तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि लोकतंत्र के एक पर्व के तौर पर देखे जाने वाले चुनाव और मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाता हिस्सा लें। मगर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अब तक जितने अधिकतम लोगों ने वोट डाले थे, इस बार के चुनाव में वह आंकड़ा पार कर गया। स्वाभाविक ही इसे लोकतंत्र के जीवन और आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता फैलने के रूप में देखा जा रहा है। मगर इसके समांतर कुछ अन्य सहायक कारक भी स्पष्ट हैं, जिनकी वजह से पात्र मतदाताओं ने दोनों राज्यों में जम कर वोट डाले। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले। जाहिर है, इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों ने अगर मतदान किया है, तो इसके पीछे मुख्य कारण संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनता के बीच फैली व्यापक जागरूकता है और यह देश के लोकतंत्र के लिए एक सुखद संकेत है। हालांकि पश्चिम बंगाल में होने वाले किसी भी चुनाव में मतदान का फीसद सामान्य तौर पर अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा रहता है, लेकिन इस बार का आंकड़ा अगर इतना ऊंचा गया है, तो इसकी वजह वहां के राजनीतिक माहौल में प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच आक्रामक खींचतान से पैदा हुआ उद्वेलन भी है, जिसने बहुत सारे लोगों को अपना वोट हर हाल में डालने को लेकर जागरूक किया। तमिलनाडु में भी कमोबेश स्थिति यही रही। दिलचस्प यह है कि इन दोनों राज्यों के चुनावी गणित में अब तक भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं रहा है, लेकिन इस बार के चुनाव प्रचार में योजनाबद्ध तरीके से इसने जिस स्तर का दखल दिया, उसमें यह विपक्षी पार्टियों के विरोध का केंद्र बन गई। इस क्रम में आक्रामक चुनाव प्रचार अभियानों का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा, जिन्होंने अपने-अपने पक्ष के लिए मतदान में हिस्सेदारी को अपनी जिम्मेदारी माना। इसके अलावा, एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव के पहले जिस तरह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अभियान चलाया और अपात्र मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया चली, उसमें बड़ी संख्या में लोगों के बीच किसी भी स्थिति में सूची में कायम रहने को लेकर फिक्र पैदा हुई। यही वजह है कि एसआइआर की प्रक्रिया में मृत या विस्थापित हो चुके और अन्य कारणों से अपात्र माने गए लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद जो बचे रहे, उन्होंने इस बार पहले के मुकाबले वोट डालने को लेकर ज्यादा सजगता दिखाई। दरअसल, इस सूची में मौजूदगी सुनिश्चित होना और मताधिकार का उपयोग करना भविष्य में नागरिक अधिकारों के सुरक्षित होने को लेकर एक आशंका से भी जुड़ा हो सकता है।

## कहानी

### हिरन के पेट में मुश्क

आपने हिरन तो ज़रूर देखा होगा। जी हाँ, वही दुबला-पतला, ख़ूबसूरत आँखों का नूर जो इस क़दर तेज़ दौड़ता है कि आँधी-ओ-तूफ़ान भी उसकी गर्द को नहीं पा सकते। हिरन का रंग उमूमन कत्थई या ख़ाकी होता है। आपने काले रंग का हिरन ग़ालिबान कभी न देखा होगा। दर-हक़ीक़त काले रंग का हिरन हर दौर में पाया जाता है। ये ज़्यादा-तर शुमाली हिन्दोस्तान में हिमालया के जंगलों में ही पाया जाता है। आप सोच रहे होंगे कि हिरन का रंग काला होना तो कोई ऐसी अनोखी बात नहीं है। जिस तरह बहुत से दूसरे जानवरों, परिंदों और ख़ुद इन्सानों का रंग होता है, उसी तरह अगर हिरन भी काले हों तो इसमें ता'ज्जुब की क्या बात है? दर-अस्ल बात ये कि इस हिरन के पेट में एक ऐसी चीज़ छिपी होती है जिसकी ख़ुशबू का सारी दुनिया में जवाब नहीं। इस अजीब ख़ुशबू को मुश्क या मुश्कनाफ़ा कहते हैं। मुश्क का इत्र बनाया जाता है, इसके अलावा दवाओं में भी इसका इस्तिमाल किया जाता है। अब सवाल ये है कि हिरन का रंग काला क्यों और उसके पेट में मुश्क क्यों होता है? इस सिलसिले में एक मज़ेदार कहानी सुनो। ये उन दिनों की बात है जब न तो हिरन का रंग काला था और न ही उसके पेट में मुश्क था। किसी जगह एक बहुत बड़े दरिया के किनारे एक गुनजान जंगल आबाद था। उस जंगल में हर क़िस्म के जानवर रहते थे। जंगल का बादशाह शेर था। रियाया बड़ी ख़ुश-हाल थी। जंगल में खाने-पीने की किसी चीज़ की कमी न थी। सारे जानवर सुख और इत्मीनान की ज़िंदगी गुज़ार रहे थे। जंगल के नज़दीक जो दरिया था उसमें घड़ियाल की हुकूमत थी। घड़ियाल शेर की तरह क़ाबिल हुकमरान न था बल्कि इंतिहाई ज़ालिम, लालची और मग़रूर था। घड़ियाल चाहता था कि उसकी हुकूमत दरिया के इलावा जंगल पर भी हो जाए। हालाँकि ऐसा मुम्किन न था, क्योंकि घड़ियाल पानी का जानवर था, लेकिन लालची इन्सान हो या जानवर मुम्किन और ना-मुमकिन को सोचता ही नहीं। उसके इलावा जंगल के सारे जानवर ख़ुश थे। जब किसी मुल्क की रियाया मुत्मइन हो तो दुश्मन की निगाह उसकी तरफ़ नहीं उठ सकती। एक-बार घड़ियाल को एक तरकीब सूझी। सुबह ही सुबह हर-रोज़ जानवर दरिया पर पानी पीने आया करते थे। बस घड़ियाल किनारे के क़रीब ही पानी में छिप कर बैठ गया। इत्तिफ़ाक़ से वहाँ सबसे पहले गीदड़ पानी पीने आया। घड़ियाल ने झट उसकी दुम पकड़ ली। गीदड़ घबरा गया। घड़ियाल ने कहा, 'बोल तेरा राजा कौन है?' 'मेरा राजा तो शेर है?' गीदड़ बोला। घड़ियाल ने ग़ुस्से में कहा, 'अगर जान की ख़ैर चाहता है तो मुझे अपना राजा कह।' गीदड़ हालाँकि घबरा गया था लेकिन उसने अपने औसान दुरुस्त कर के कहा, हुज़ूर मैं एक अदना जानवर हूँ और आप हैं दरिया के बादशाह। आपने मेरी गंदी दुम पकड़ रखी है। छी-छी।' घड़ियाल ने फ़ौरन गीदड़ की दुम छोड़ दी। गीदड़ छलाँग मार कर दूर भागा और कहने लगा, 'नालायक़, तुझ जैसे भी कहीं राजा बना करते हैं।' घड़ियाल जल भुन कर रह गया और गीदड़ भागम-भाग शेर के पास पहुँचा और उसे सारा क़िस्सा कह सुनाया। शेर उसी वक़्त दरिया के किनारे जा कर दहाड़ने लगा, 'बुज़दिल घड़ियाल, मेरी रिआया को बहका रहा है। अगर हिम्मत है तो बाहर निकल कर कर मुक़ाबला कर।' घड़ियाल क़रीब ही पानी में छिपा हुआ सब-कुछ सुन रहा था। चूँकि बुज़दिल था इसलिए उसकी बात का जवाब देने की हिम्मत न पड़ी।

शेर चला गया। घड़ियाल सोचता रहा कि आख़िर कोई तरकीब तो ऐसी निकाली जाए कि शेर की हुकूमत कमज़ोर पड़ जाए और रिआया में बेचैनी फैले ताकि मैं आसानी से जंगल का राजा भी बन सकूँ। अचानक एक तरकीब उसके ज़ह्न में आई और वो मुस्कुराने लगा। शाम के वक़्त रोज़ की तरह हाथी उस दरिया में पानी पीने आया। घड़ियाल ने पानी से बाहर सर निकाल कर कहा, 'सलाम महाराज।' 'मैं राजा नहीं हूँ।' हाथी ने जवाब दिया। 'राजा तो शेर है। मैं उसकी रिआया हूँ।' 'क्यों मज़ाक़ करते हैं आप महाराज।' घड़ियाल ने कहा।

# ऊर्जा संकट से जूझता विश्व

ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा। यह किसी को स्वीकार नहीं हो सकता-न तो अमेरिका को और न ही खाड़ी देशों को, क्योंकि होर्मुज स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। होर्मुज से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की ढुलाई होती है। उसके बाधित होने से भारत समेत एशियाई देशों को ही ऊर्जा संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। संकट का असर अमेरिका समेत पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। हालांकि अमेरिका के पास अपने तेल एवं गैस भंडार हैं, लेकिन होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति ठप हो जाने से तेल और गैस के दाम उसके यहां भी बढ़ रहे हैं। उसके मुकाबले विश्व के अन्य देशों को कहीं अधिक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि ईरान यह समझ रहा है कि वह होर्मुज बाधित कर विश्व के देशों को अमेरिका पर इसके लिए दबाव डालने में सक्षम हो सकता है कि वह टकराव से पीछे हटे, इसलिए उसने भी कठोर रवैया अपना लिया है। यह रवैया दूसरे दौर की वार्ता को भी विफल कर सकता है। ईरान अमेरिकी हमलों के जवाब में खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में भी सक्षम है। अमेरिका की समस्या यह है कि वह ईरान के हमलों का पूरी तरह प्रतिकार करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इससे अमेरिकी सैन्य अड्डों वाले खाड़ी



राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह से जारी युद्धविराम को जिस तरह यकायक अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया, उससे वे अपने कदम पीछे खींचते हुए दिखे। उन्होंने युद्धविराम विस्तार की घोषणा ऐसे समय की, जब इस्लामाबाद में होने वाली दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर संशय कायम था। गत दिवस संशय के ये बादल छंटे और दोनों देशों के प्रतिनिधियों के इस्लामाबाद रवाना होने की खबरों से दूसरे दौर की वार्ता की संभावना बढ़ी है।

ईरान ने पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद जिस प्रकार अमेरिका से बात करने से इन्कार किया था, उससे यही लग रहा था कि वह अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी खत्म किए बिना न तो होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए तैयार होगा और न ही वार्ता के लिए। अब यदि वह वार्ता के लिए तैयार है तो शायद इसलिए कि अमेरिकी नाकेबंदी उसके लिए परेशानी का कारण बन रही है। जो भी हो, जब तक दूसरे दौर की वार्ता हो नहीं जाती और वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती, तब तक पश्चिम एशिया संकट और साथ ही ऊर्जा संकट खत्म होने के आसार नहीं।

अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता इसलिए विफल हुई थी, क्योंकि ईरान न तो यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम से पीछे हटने को तैयार था और न ही होर्मुज पर अपना आधिपत्य छोड़ने के लिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युद्धविराम विस्तार के बाद भी होर्मुज बंद है। अमेरिकी नाकेबंदी के पहले वहां से इक्का-दुक्का जो जहाज निकल पा रहे थे, अब वे भी नहीं निकल पा रहे हैं।

ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा। यह किसी को स्वीकार नहीं हो सकता-न तो अमेरिका को और न ही खाड़ी देशों को, क्योंकि होर्मुज स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। होर्मुज से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की ढुलाई होती है।

उसके बाधित होने से भारत समेत एशियाई देशों को ही ऊर्जा संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। संकट का असर अमेरिका समेत पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। हालांकि अमेरिका के पास अपने तेल एवं गैस भंडार हैं, लेकिन होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति ठप हो जाने से तेल और गैस के दाम उसके यहां भी बढ़ रहे हैं। उसके मुकाबले विश्व के अन्य देशों को कहीं अधिक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है।

चूंकि ईरान यह समझ रहा है कि वह होर्मुज बाधित कर विश्व के देशों को अमेरिका पर इसके लिए दबाव डालने में सक्षम हो सकता है कि वह टकराव से पीछे हटे, इसलिए उसने भी कठोर रवैया अपना लिया है। यह रवैया दूसरे दौर की वार्ता को भी विफल कर सकता है। ईरान अमेरिकी हमलों के जवाब में खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में भी सक्षम है। अमेरिका की समस्या यह है कि वह ईरान के हमलों का पूरी तरह प्रतिकार करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इससे अमेरिकी सैन्य अड्डों वाले खाड़ी के देशों में भी बेचैनी है।

यह स्पष्ट है कि होर्मुज खुलने में जितना विलंब होगा, ऊर्जा संकट उतना ही गहराएगा। इस संकट के चलते अमेरिका ईरान को नए सिरे से निशाना बनाने के लिए बाध्य तो हो सकता है, लेकिन ट्रंप के लिए उसके खिलाफ ऐसा करना आसान नहीं। शायद यही कारण है कि वे कभी ईरान को तबाह करने की धमकी देते हैं और कभी उससे समझौते की उम्मीद जताते हैं। वे बीते 10-12 दिनों में न जाने कितनी बार अपने बयान बदल चुके हैं। उनके बार-बार बदलते और विरोधाभासी बयानों से विश्व को यही संदेश जा रहा है कि वे पश्चिम एशिया में उपजे संकट का समाधान करने की स्थिति में नहीं। इस सबके बीच ईरान ने दावा करना शुरू कर दिया है कि उसने होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से वसूली शुरू कर दी है। पता नहीं सच क्या है, लेकिन होर्मुज बाधित रहने से ऊर्जा संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। यदि इस यथास्थिति में अमेरिका पीछे हटता है तो इससे उसकी फजीहत तो होगी ही, युद्ध में हुई क्षति की भरपाई के नाम पर ईरान होर्मुज से निकलने वाले जहाजों की वसूली करने में भी सक्षम हो सकता है। इससे भी तेल और गैस के दाम बढ़ जाएंगे। होर्मुज पर ईरान के दबदबे से उसके और खाड़ी देशों के बीच भी टकराव बढ़ना तय है। ट्रंप ने अनिश्चितकाल के लिए युद्धविराम को चाहे जिन कारणों से बढ़ाया हो, लेकिन उसके पीछे उनकी मजबूरी ही दिखती है। एक बड़ी मजबूरी तो ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए अमेरिकी संसद की अनुमति है। अमेरिकी कानून के तहत यदि राष्ट्रपति किसी देश के खिलाफ युद्ध छेड़ते हैं तो उन्हें 60 दिनों के अंदर संसद से अनुमति लेनी होती है। यह अवधि 1 मई को खत्म हो रही है। समस्या यह है कि उन्हें संसद की अनुमति मिलना कठिन है। खुद ट्रंप समर्थकों के साथ वहां का बड़ा राजनीतिक वर्ग युद्ध के पक्ष में नहीं। माना जा रहा है कि इसी के चलते ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर के इस कथित आग्रह की आड़ ली कि युद्धविराम जारी रखा जाए। पाकिस्तान भी इसके लिए व्याकुल है कि किसी तरह अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो जाए। ऐसा न होने पर उसकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी, क्योंकि युद्ध फिर से शुरू होने की स्थिति में उसे सऊदी अरब के साथ हुए समझौते के तहत उसके साथ और ईरान के खिलाफ खड़ा होना होगा। वह ऐसा नहीं चाहेगा, क्योंकि उसकी ईरान से दुश्मनी हो जाएगी।

# डिजिटाइजेशन: जीवन आसान बना रहा है या चुनौतियाँ बढ़ा रहा है-एक यक्ष प्रश्न ?

यहां पाठकों को बताता चलूं कि अब शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटाइजेशन का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।इस बार तो सीबीएसई(सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) ने 2026 से 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम लागू कर दिया है। इसमें कॉपियां स्कैन होकर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आती हैं और शिक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचते हैं। इससे मूल्यांकन तेज़, पारदर्शी और त्रुटिहीन (बिना टोटलिंग गलती के) होगा।सरल शब्दों में कहें तो ऑन-स्क्रीन मार्किंग एक आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली है, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच कंप्यूटर/स्क्रीन पर की जाती है, न कि कागज पर हाथ से।इस प्रणाली के अंतर्गत परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएँ स्कैन कर ली जाती हैं तथा बाद में हर उत्तर पुस्तिका की डिजिटल कॉपी शिक्षकों की कंप्यूटर स्क्रीन पर आती है या यूं कहें कि भेज दी

आज भारत तेजी से डिजिटाइजेशन की ओर अग्रसर है। शायद यही कारण भी है कि आज हर क्षेत्र में जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और वित्त, सरकारी सेवाओं, व्यापार और बाजार, परिवहन तथा संचार में डिजीटलीकरण को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।इन सभी क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा इसलिए मिल रहा है क्यों कि डिजिटाइजेशन के अनेक फायदे हैं।



सुनील कुमार महला

दरअसल, डिजिटाइजेशन के कारण कोई भी काम तेजी से होता है,कागज़, प्रिंटिंग और मैनुअल काम कम होने से लागत में अभूतपूर्व कमी आती है, कोई भी जानकारी डिजिटल रूप में सुरक्षित और आसानी से खोजने योग्य होती है। डिजिटाइजेशन से हमारा कोई भी डेटा सुरक्षित और व्यवस्थित रहता है,मोबाइल या इंटरनेट से कहीं भी काम संभव हो सकता है,गलतियों और भ्रष्टाचार की संभावना कम होने से पारदर्शिता बनी रहती है तथा डेटा आधारित निर्णय लेना आसान हो जाता है। निष्कर्ष यह है कि डिजिटाइजेशन हर काम को तेज, आसान, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाता है।बहरहाल,यहां पाठकों को बताता चलूं कि डिजिटाइजेशन का अर्थ है-कागज़ी, भौतिक या पारंपरिक जानकारी को डिजिटल (कंप्यूटर/ऑनलाइन) रूप में बदलना और प्रक्रियाओं को तकनीक आधारित बनाना। यहां पाठकों को बताता चलूं कि अब शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटाइजेशन का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।इस बार तो सीबीएसई(सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) ने 2026 से 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम लागू कर दिया है। इसमें कॉपियां स्कैन होकर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आती हैं और शिक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचते हैं। इससे मूल्यांकन तेज़, पारदर्शी और त्रुटिहीन (बिना टोटलिंग गलती के) होगा।सरल शब्दों में कहें तो ऑन-स्क्रीन मार्किंग एक आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली है, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच कंप्यूटर/स्क्रीन पर की जाती है, न कि कागज पर हाथ से।इस प्रणाली के अंतर्गत परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएँ स्कैन कर ली जाती हैं तथा बाद में हर उत्तर पुस्तिका की डिजिटल कॉपी शिक्षकों की कंप्यूटर स्क्रीन पर आती है या यूं कहें कि भेज दी जाती है। इसके बाद परीक्षक स्क्रीन पर ही उत्तर देखते हैं और अंक देते हैं तथा विद्यार्थियों के अंक सीधे सॉफ्टवेयर में दर्ज हो जाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग से रिजल्ट तेज़ी से तैयार होता है, क्योंकि इसके कारण से उत्तर पुस्तिकाएँ इधर-उधर भेजने की जरूरत नहीं होती तथा पुस्तिकाओं को इधर-उधर भेजने का खर्च तथा श्रम व समय की बचत भी होती है।इस प्रणाली के कारण एक ही समय में कई परीक्षक अलग-अलग कॉपियाँ जाँच सकते हैं तथा अंक सीधे डिजिटल सिस्टम में दर्ज हो जाते हैं तथा अंकों की टोटलिंग और रिजल्ट तैयार करने में कम समय लगता है।बाद में वही अंक रिजल्ट डेटाबेस में ऑटोमैटिक जोड़ दिए जाते हैं। डिजिटाइजेशन का या यूं कहें कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग का एक बड़ा फायदा यह है कि अंकों की अलग से मैन्युअल एंट्री की जरूरत बहुत कम या नहीं के बराबर होती है। बहरहाल, यहां यह कहना भी ग़लत नहीं होगा कि डिजिटाइजेशन चाहे किसी भी क्षेत्र में हो,इसका लाभ पर्यावरण को भी होता है।सच तो यह है कि डिजिटाइजेशन ने आज जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है और इसका पर्यावरण पर भी कई सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे हमारी धरती के विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव हुआ है और प्रदूषण में अभूतपूर्व कमी आई है। डिजिटाइजेशन के कारण आज काग़ज़ की खपत में कमी आई है। धीरे-धीरे सबकुछ आनलाइन होने से कागज़ की जरूरत कम पड़ती है या नहीं के बराबर पड़ती है, जिससे पेड़ों की कटाई घटती है, क्यों कि कागज़ पेड़ों के इस्तेमाल से ही बनता है।सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि डिजिटाइजेशन से वनों के संरक्षण को मजबूती मिलती है। आज के समय में ऑनलाइन मीटिंग, वर्क फ्रॉम होम और विभिन्न डिजिटल सेवाओं से आवागमन घटा है, जिससे ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण कम हुआ है। डिजिटल बिलिंग, ई-टिकटिंग और ऑनलाइन रसीदों से कागज आधारित कचरा कम होता है। इतना ही नहीं, डिजिटाइजेशन का एक बड़ा फायदा यह भी है कि इससे किसी भी देश की ऊर्जा दक्षता में भी सुधार संभव हो पाता है। लेकिन डिजिटाइजेशन का प्रयोग जिम्मेदारी से किया जाना आवश्यक है। यदि हम जिम्मेदारी से डिजिटाइजेशन का प्रयोग करते हैं तो यह निश्चित ही सतत विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) और स्वच्छ पर्यावरण(क्लीन एनवायरमेंट)की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकता है। हालांकि, यह बात भी दीगर(अलग/भिन्न) है कि डिजिटाइजेशन की अपनी हानियां भी हैं। मसलन, डिजिटाइजेशन से इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) में वृद्धि होती है। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने के लिए दुर्लभ धातुओं और खनिजों का अत्यधिक उपयोग होने के कारण धरती के संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जैसा कि प्राकृतिक संसाधनों का असीमित दोहन को इससे कहीं न कहीं बल मिलता है। इतना ही नहीं, विभिन्न डेटा सेंटरों, सर्वरों और डिजिटल उपकरणों आदि द्वारा लगातार बिजली की बड़ी मात्रा का उपयोग करने से देश की ऊर्जा दक्षता गड़बड़ा सकती है। डिजिटाइजेशन से विभिन्न साइबर अपराधों का खतरा जैसे कि हैकिंग, डेटा चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी समस्याएं पैदा होतीं हैं। मानव स्वयं कुछ करने की बजाय तकनीक और मशीनों पर ज्यादा निर्भर हो जाता है, जिससे बेरोजगारी जन्म ले सकती है तथा साथ ही साथ इससे (डिजिटाइजेशन से) आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक कौशल कम होते हैं। डिजिटल दुनिया में अधिक समय बिताने से वास्तविक सामाजिक संबंध कमजोर(सामाजिक अलगाव की समस्या)हो सकते हैं। इतना ही नहीं, डिजिटाइजेशन से मानव स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। जैसे कि अधिक स्क्रीन टाइम से आंखों की समस्या, तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याओं को बल मिलता है। यह बात बिलकुल सही है कि आज के समय में निश्चित ही डिजिटाइजेशन ने जीवन को सरल और तेज बनाया है, लेकिन इसका पानी की समस्या पर भी अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है, जैसा कि बड़े-बड़े डेटा सेंटरों में सर्वरों को ठंडा रखने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जिससे कई क्षेत्रों में जल संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के गलत निपटान से जल स्रोत प्रदूषित हो सकते हैं। शहरीकरण और डिजिटल उद्योगों के विस्तार के कारण भूजल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। इस प्रकार, डिजिटाइजेशन विकास का महत्वपूर्ण साधन होते हुए भी जल संरक्षण के प्रति संतुलित और जिम्मेदार दृष्टिकोण की आवश्यकता को बढ़ाता है। अंत में यही कहूंगा कि डिजिटाइजेशन आधुनिक युग की बड़ी उपलब्धि है, जिसने कार्यों को सरल, तेज और पारदर्शी बनाया है। आधुनिक दौर में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में इसके अनेक लाभ दिखाई देते हैं। किंतु इसका अंधाधुंध उपयोग कई समस्याएँ भी पैदा कर सकता है, जैसे समय की बर्बादी, साइबर अपराध, स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव और पर्यावरण पर दबाव। इसलिए डिजिटाइजेशन का विवेकपूर्ण, संतुलित और जिम्मेदार उपयोग आवश्यक है। तकनीक को साधन मानकर विवेकपूर्ण व संतुलित तरीके से इसका उपयोग किया जाए, न कि उस पर पूरी तरह निर्भर हुआ जाए। यही दृष्टिकोण समाज और व्यक्ति दोनों के हित में है।

# क्षुद्र राजनीति पर प्रहार

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी अप्रकाशित पुस्तक को लेकर उपजे विवाद को लेकर जो कुछ कहा, उससे न केवल उस दुष्प्रचार पर विराम पर लगा, जिसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अनावश्यक तूल दे रहे थे, बल्कि यह भी साफ हुआ कि चीनी सेना भारतीय जमीन पर अतिक्रमण करने में नाकाम रही थी। वैसे वे पहले भी यह कह चुके थे कि भारत ने चीन के हाथों एक भी इंच जमीन नहीं खोई और गत दिनों फिर से यही बात दोहराई, लेकिन राहुल गांधी इस पर यकीन करने को तैयार नहीं थे। वे बार-बार यही दुष्प्रचार कर रहे थे कि चीन ने हमारी जमीन हथिया ली और प्रधानमंत्री कुछ भी नहीं कर पाए। बाद में वे जनरल नरवणे के




कथ्य को गलत तरीके से प्रस्तुत करने लगे। संसद के बजट सत्र में तो वे तब हद ही पार कर गए, जब उन्होंने जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश की मनचाही व्याख्या की आड़ में प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने और यह समझाने की कोशिश की कि जब तत्कालीन सेना प्रमुख उनसे चीनी सेना की आक्रामकता पर निर्देश मांग रहे थे तो उन्होंने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। राहुल ने प्रधानमंत्री की ओर से सेना प्रमुख को दिए गए इस स्पष्ट निर्देश की शरारतपूर्ण ढंग से व्याख्या की कि जो उचित समझें, वह करें। वे यहीं तक सीमित नहीं रहे। वे संसद परिसर में जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की तथाकथित प्रति भी लहराने लगे। राजनीति में जब आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम होता है, तो उसमें दुष्प्रचार का भी कुछ अंश शामिल होता ही है, लेकिन यह तो गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा है कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए ऐसा झूठ प्रचारित किया जाए कि सीमा पर संकट के समय सेना और सरकार में सामंजस्य नहीं था। सीमाओं की सुरक्षा और सेना को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करना राष्ट्रीय हितों की अनदेखी ही नहीं, क्षुद्र राजनीति भी है। यह अच्छा हुआ कि जनरल नरवणे ने राहुल गांधी की ओर से उनकी अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति लहराने और उनके साथ-साथ सेना को विवादों में घसीटने को अनुचित आचरण की संज्ञा देने में संकोच नहीं किया। उन्होंने यह कहकर भी एक तरह से राहुल को आईना ही दिखाया

## झाड़सर कांधलान में विशेष नामचर्चा कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** डेरा सच्चा सौदा की स्थापना दिवस एवं जाम-ए-इंसा गुरु दिवस माह के उपलक्ष में तारानगर ब्लॉक की ओर से निकटवर्ती गांव झाड़सर कांधलान में विशेष नामचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रेमी सेवक मनीराम इंसा के निवास पर श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालुओं ने 'धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा' के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती बोलकर की। इसके बाद कविराज भाइयों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमी सेवक मनीराम इंसा ने किया। इस अवसर पर दीपाराम, हवासिंह, नानकराम, राजपाल, भानीराम, किशन, झींडूराम, मनीराम, हनुमान, बृजलाल, रोहिताश, श्यामलाल, जय भगवान, मोहरसिंह, रमेश, प्रेम, भुगानाराम, पंकज, भावेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डस्टबिन नहीं मिलने पर काटे दुकानदारों के चालान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारी लाल पारीक के निर्देशानुसार बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार खुले में कचरे डालने और दुकान पर डस्टबिन ना रखने हेतु 4700 रुपए के चालान किए गए। कार्यवाही के अंतर्गत गठित टीम में आर आई मुन्नालाल मीणा, एस आई ओमप्रकाश स्वामी, एस बी एम अभियंता भूपेन्द्र सिंह, समस्त जमादार शामिल रहे। टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि खुले में कचरा ना फैलाए और अपनी दुकान पर डस्टबिन रखें, ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे।

## डूंगर बालाजी पहाड़ी पर सड़क हादसा, पति की मौत, पत्नी घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती डूंगर बालाजी पहाड़ी पर चढ़ते वक्त रविवार सुबह करीब 6 बजे एक कार अनियंत्रित होकर चट्टान से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार बुजुर्ग दम्पति गंभीर घायल हो गए, जिनको स्थानीय निवासी नरेंद्र सिंह, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भरत की ओर से



सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रेमरतन सोनी (70) पुत्र सुमेर मल सोनी, निवासी बीदासर को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रेमरतन की पत्नी 65 वर्षीय सोहनी देवी को गंभीर स्थिति के कारण प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार वो सब लोग परिवार सहित रविवार सुबह डूंगर बालाजी दर्शन के लिए गए थे। बाकी सब तो पैदल ही ऊपर चढ़ रहे थे, पर मम्मी पापा बुजुर्ग होने के कारण कार से ऊपर जा रहे थे कि अचानक ये हादसा हो गया। हादसे की वजह पूरी तरह से मालूम नहीं चली है पुलिस मामले की जाँच कर रही है। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल हरफुल अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।

## मण्डावा में भागवत कथा: गूंजा 'नंद के घर आनंद भयो



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा व्यास रजनीश्वरी मिश्रा ने कृष्ण जन्म प्रसंग का वर्णन किया, पंडाल 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो उठे। कथा के दौरान गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार और राम जन्म जैसे प्रसंगों का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने कथा व्यास का शॉल, श्रीफल व नगद भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कंस को अहंकार और वासुदेव-देवकी को भक्ति व समर्पण का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और भक्ति गीतों पर नृत्य कर आनंद व्यक्त किया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर संदीप शर्मा, सुनील सैनी, कैलाश पीपलवा, हितेष प्रजापति, सुनीता केडिया, मीनू जोशी, उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, संजू मिटावा, सरोज तुनवाल, बबलू भाया, आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अष्टम पोषण पखवाड़ा: महिलाओं-बच्चों को कुपोषण मुक्त समाज का संदेश दिया

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के राणासर सेक्टर में महिला व बाल विकास विभाग ने अष्टम पोषण पखवाड़े का आयोजन किया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को संतुलित आहार, टीकाकरण, स्वच्छता व पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पखवाड़े के तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर भी लोगों को सही खानपान और कुपोषण से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर सुनीता कुमारी, सीडीपीओ सरोज नायक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा शर्मा, स्नेह लता, शारदा, मंजू शर्मा, दुर्गा शर्मा, पन्ना सैनी, सरिता सैनी, सुनीता कालवा, विनोद व रुक्मणी उपस्थित रहीं। अष्टम पोषण पखवाड़ा केंद्र सरकार के पोषण अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका




मुख्य उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना, बच्चों, किशोरियों व महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श, जागरूकता रैलियां और घर-घर संपर्क जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पोषण पखवाड़े के माध्यम से सही पोषण, देश रोशन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वह अपने दैनिक जीवन में पौष्टिक आहार को शामिल कर कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## सरकारी स्कूल में मधुमक्खियां का छाता, बच्चों में दहशत

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शहर के राजकीय डेडराज ढाढणिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में नीम पेड़ के ऊपर लगा मधुमक्खियां का छाता बच्चों के साथ अध्यापकों के लिए कभी भी जान के लिए जोखिम बन सकता है। पेड़ पर लगा मधुम क्खियां का छाता के कारण बच्चे भी डर के माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। जिस पेड़ पर मधुमक्खियां का




छाता लगा हुआ है उसके आसपास बच्चों का गुजरना रहता है ऐसे में किसी ने इस मधुमक्खियां के छाते को छेड़ दिया या अपने आप एक साथ उड़ती है तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन को भी स्कूल में पेड़ के ऊपर लगे मधुमक्खियां के छाते को लेकर कोई ठोस समाधान करना चाहिए ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अगर किसी दिन एक साथ मधुमक्खियां पेड़ से किसी कारण से उड़ती है तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

## लुप्त होती मैजिक कला को संरक्षित करना हमारा ध्येय: जादूगर विराट

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लुप्त होती जादू की कला को पुनर्जीवित करने और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से शहर के मूनलाइट सिनेमा हॉल में जादूगर विराट की ओर से मैजिक शो का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मीडिया ब्रीफ करते हुए जादूगर विराट ने इस प्राचीन कला के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जादूगर विराट सीनियर ने बताया कि यह कला उनके परिवार की विरासत है। उनके पिता ने जादू के माध्यम से लोगों का मनोरंजन शुरू किया था, जिसे उन्होंने आगे बढ़ाया और अब उनकी तीसरी पीढ़ी के रूप में सोनू सोनी इस विरासत को संभाल रहे हैं। मात्र 17 वर्ष की आयु में सोनू ने कई बड़े सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें अभिमन्यु अवार्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होना शामिल है। इस बार शो में कई नए और आधुनिक आइटम जोड़े गए हैं, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह आकर्षण रोमांच से भर देगा। एक व्यक्ति को बीच से काटकर अलग करने वाला रोंगटे



खड़े कर देने वाला जादू के साथ कई अन्य ऐसे आकर्षक प्रोग्राम जो दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देंगे। संबोधन के दौरान जादूगर विराट सीनियर ने थोड़ा दर्द साझा करते हुए कहा कि जहाँ वे और उनके जैसे कुछ जादूगर इस मरती हुई कला को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जनता से इस कला को प्रोत्साहित करने की अपील की। मैनेजर हीरालाल ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए रियायत के साथ जादू के शो दिखाए जाएंगे।

शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा का वार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन सम्पन्न

## बनवारीलाल फगेड़िया अध्यक्ष व इंद्राज स्वामी मंत्री निर्वाचित

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा तारानगर का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी जीताराम जांदू के निर्देशन तथा प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण के पर्यवेक्षण में संपन्न हुए निर्वाचन में सर्वसम्मति से बनवारीलाल फगेड़िया को अध्यक्ष व इंद्राज स्वामी को मंत्री निर्वाचित किया गया। निर्वाचन में ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें जयप्रकाश स्वामी को संरक्षक, अशोक कुमार यादव को सभाध्यक्ष, जयसिंह कस्वां व कैलाश स्वामी को उप सभाध्यक्ष, उम्मेद अली, प्रहलाद सहू व शीशपाल प्रजापत को उपाध्यक्ष, मंगलचंद महला को कार्यकारी अध्यक्ष, मदनलाल सहारण को कार्यकारी मंत्री, महेंद्र आचार्य को कोषाध्यक्ष, मांगीलाल गौड़ को संगठन मंत्री, देवीलाल कस्वां को प्रचार मंत्री, अनिता शेखू व रामेती को महिला मंत्री, भगवानाराम सहारण को संस्कृत प्रतिनिधि, रामनारायण को शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि, ओमप्रकाश गोस्वामी को प्रबोधक प्रतिनिधि, चन्दनमल घोटड़ को पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि और दलीप लीलड़ को माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि बनाया गया। इसके अलावा धर्मपाल, मुकेश जांगिड़, रामसिंह पूनियां, हुकमाराम सहारण व चेतनराम प्रजापत को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इससे पूर्व आयोजित वार्षिक अधिवेशन में कार्यकारी मंत्री मदनलाल सहारण ने संगठन की वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष महेंद्र आचार्य ने आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा रखा। कार्यक्रम का संचालन लिखमाराम ने किया। कार्यक्रम में गोपीराम कस्वां, भगीरथ सहारण, रतनगढ़ उपशाखा अध्यक्ष भोजराज शर्मा, विनोद कस्वां, विजय पूनियां सहित संगठन के अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## परशुराम प्राकट्य महोत्सव में योग शिविर आयोजित, मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अष्ट दिवसीय भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव की श्रृंखला में रविवार को शहर के नामदेव मंदिर परिसर में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। नामदेव योग समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की ओर से मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का संचालन योग गुरु मोहनलाल शर्मा के निर्देशन में हुआ। मुख्य योग शिक्षक संत कुमार कौशिक एवं पवन भोजक ने उपस्थित साधकों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, मंडूकासन तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन करवाए। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी जैसे प्राणायामों की विधि और उनके लाभों की जानकारी भी दी। योग गुरु मोहनलाल शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से तनाव में कमी आती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू दाधीच ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों





से महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए नामदेव योग समिति का आभार व्यक्त किया। शिविर की व्यवस्थाओं में उपाध्यक्ष उमा भोजक, प्रेमलता सारस्वत एवं कांता भोजक का विशेष सहयोग रहा। जिला कार्यकारिणी सदस्य सरोज पारीक ने सभी से ऐसे योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का आह्वान किया, ताकि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष डॉ महेंद्र शर्मा ने आयोजक नामदेव योग समिति व सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पवन भोजक ने किया तथा अंत में सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में गंदगी का अंबार, बदबू से परेशान परिजन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में साफ-सफाई के अभाव ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। यहां फैली गंदगी और तेज बदबू के कारण मृतकों के परिजन तथा पुलिसकर्मी भारी परेशानी झेलने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि मोर्चरी के भीतर जाना तक मुश्किल हो गया है, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मोर्चरी में महीनों तक नियमित सफाई नहीं की जाती। दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों को लाने के बाद डी-फ्रीज में रखने के दौरान बहा खून कई दिनों तक साफ नहीं किया जाता, जिससे पूरे परिसर में असहनीय दुर्गंध बनी रहती है। स्थिति यह है कि अंदर जाने वाले लोगों को नाक पर कपड़ा या तौलिया रखकर प्रवेश करना पड़ता है, वहीं आसपास खड़ा रहना भी दूभर हो जाता है। परिजनों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया। मोर्चरी के भीतर खून से सने कपड़े, उपयोग किए गए दस्ताने और अन्य चिकित्सा कचरा बिखरा पड़ा रहता है। इसके अलावा मोर्चरी के पास खाली जगह में भी



गंदगी का ढेर लगा हुआ है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वार्ड 13 निवासी विमल जम्मड़ ने बताया कि मोर्चरी के अंदर और आसपास हर समय गंदगी फैली रहती है, जिससे दुर्गंध बनी रहती है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने मोर्चरी में कार्यरत कर्मचारी पर आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम के दौरान शव को पॉलिथीन में पैक करने के नाम पर मृतकों के परिजनों से पैसे भी लिए जाते हैं। इस संबंध में अस्पताल प्रभारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे अस्पताल में मौजूद नहीं मिले।

## प्राइवेट बस ऑपरेटर की दबंगई, रोडवेज बस चालक- परिचालक से मारपीट

**जयपुर टाइम्स/मंडावा(निस)।** राजस्थान रोडवेज की चूरू से जयपुर मंडावा होते हुए संचालित बस के चालक-परिचालक के साथ ढिगाल तिराए पर प्राइवेट बस ऑपरेटर की ओर से डराने- धमकाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ही इस रूट पर चूरू डिपो बस का संचालन शुरू हुआ था जो रामगढ़, न्यांगली, मंडावा होते हुए जयपुर तक संचालित हो रही थी। तभी से प्राइवेट बस ऑपरेटर की ओर से लगातार धमकाने और दबाव बनाने के आरोप लग रहे थे। घटना के बाद पीड़ित रोडवेज कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप है कि बस संचालन को लेकर हुए विवाद में प्राइवेट बस ऑपरेटर ने रोडवेज चालक- परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की जिसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है। रोडवेज बस कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में शिकायत दी है और कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे एकजुट होकर कानूनी तरीके से बड़ा आंदोलन करेंगे।

## बजरंग सेन बने ओबीसी कांग्रेस के बीकानेर सह प्रभारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद के निर्देशानुसार, राजस्थान प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के चेयरमैन हरसहाय यादव ने सुजानगढ़ के कांग्रेस नेता बजरंग सेन को बीकानेर शहर का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। बजरंग सेन इस नियुक्ति पर अनिल जयहिंद, हरसहाय यादव व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कया है। सेन को वार्ड व बूथ स्तर के



कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निर्देशित किया गया है। बजरंग सेन ने कहा है कि मैं शीर्ष नेतृत्व को पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि सह प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहूंगा और कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए अवंटित जिम्मेदारीका बखूबी निर्वहन करूंगा।

# बुकिंग के बाद भी नहीं गैस, 4 घंटे धूप में तड़पे लोग

### सांभरलेक एजेंसी पर अव्यवस्था चरम पर, ब्लैक में 1800 में सिलेंडर के आरोप

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे में स्थित शहीद आनंद सिंह गैस एजेंसी इन दिनों आमजन की परेशानी का बड़ा कारण बनती जा रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि गैस कनेक्शन धारकों को बुकिंग होने के बावजूद घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, फिर भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। बुधवार को स्थिति विकराल हो गई, जब सैकड़ों उपभोक्ता गैस लेने पहुंचे और उन्हें तेज धूप में करीब चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि एजेंसी परिसर के बाहर न तो पेयजल की कोई व्यवस्था थी और न ही छाया का इंतजाम। तपती धूप में महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग बेहाल नजर आए। कई लोग चक्कर खाकर बैठ गए, तो कुछ को बिना सिलेंडर लिए ही लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एजेंसी संचालक का रवैया बेहद अड़ियल है और उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। लाइन में खड़े लोगों के बीच आक्रोश साफ नजर आया। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक ओर सरकार आमजन को सुविधाएं देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर ऐसी अव्यवस्थाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। कस्बे में पंचायत समिति के बाहर चाय की दुकान चलाने वाले नंदकिशोर साहू ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि 'बुकिंग होने के बावजूद गैस नहीं मिल रही। तीन दिन तक दुकान बंद रखनी पड़ी, जिससे आमदनी पूरी तरह ठप हो गई। परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।' उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खुलेआम ब्लैक में गैस सिलेंडर 1800 तक बेचे जा रहे हैं, लेकिन आम आदमी मजबूरी में भी इतने महंगे सिलेंडर नहीं खरीद सकता। झपोक निवासी भंवरलाल नायक ने बताया कि घर में बेटे की शादी है और उन्होंने चार अलग-अलग कनेक्शनों से सिलेंडर बुक कराए, लेकिन पूरे दिन लाइन में खड़े रहने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आ रहा कि शादी की तैयारियां करें या यहां लाइन में खड़े रहें। प्रशासन को हमारी परेशानी समझनी चाहिए। यह संकट केवल घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं रहा। हाल ही में अन्नपूर्णा रसोई भी दो दिन तक गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण बंद रही, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग को भोजन के लिए भटकना पड़ा। यह स्थिति दर्शाती है कि गैस आपूर्ति में गड़बड़ी का असर समाज के सबसे कमजोर वर्ग पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। इधर बुधवार को उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने एजेंसी का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। हालांकि लोगों का कहना है कि निरीक्षण के बाद भी यदि जमीनी स्तर पर सुधार नहीं हुआ तो समस्या और गहराएगी। व्यापारी मितेश अग्रवाल का कहना है कि यदि समय पर गैस आपूर्ति, पारदर्शी वितरण और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित नहीं की गईं तो हालात और बिगड़ सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि एजेंसी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ब्लैक मार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई हो और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।



# युवा पीढ़ी को पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए

अभिनेता अजय देवगन हाल ही में बॉलीवुड के उभरते अभिनेताओं को सुझाव देते दिखे। अजय देवगन ने नए उभरते सितारों को सलाह दी है कि वे अपना पैशन फॉलो करें और खुद पर यकीन बनाए रखें। एक्टर ने कहा, वे पूरे दिल से अपने जुनून का अनुसरण करें। डर और सेल्फ डाउट को अपने लक्ष्य पर हावी न होने दें।

### दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज

बता दें कि अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो काफी दिलचस्प है। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इस साल बाल दिवस पर यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा इस सीक्वल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी और जावेद जाफरी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। इसे टी-सीरीज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन और तरुण जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली पहुंची। इस मौके पर अजय देवगन ने फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा समय तक काम करने के बाद बॉलीवुड में प्रासंगिक बने रहने का अपना सूत्रा शेयर किया। अभिनेता ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया और लोगों को सुझाव दिया कि वे सेल्फ बिलीव को मानें साथ ही कठिन मेहनत करते रहें। अजय देवगन ने कहा, आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। खुद पर यकीन रखना होगा और मेहनत करते रहनी होगी। मुझे नहीं लगता कि असुरक्षा की कोई जगह है। इसके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

### दिल की जरूर सुननी चाहिए

अजय देवगन ने अपने जीवन के सिद्धांतों पर जोर देते हुए युवा और उभरते कलाकारों से कहा, सफलता और असफलता की चिंता किए बिना, जीवन में पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए। अजय देवगन ने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहता रहता हूं। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आगे बढ़ें और उसे करें। यह काम करेगा या नहीं, यह हम बाद में देखेंगे। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आपको उसे करना चाहिए।



# उर्वशी रौतेला ने फिर थपथपाई अपनी पीठ

## इस कामयाबी के लिए अदा किया फैंस का शुक्रिया

दिवाली का त्योहार है। इंडस्ट्री में पार्टी और सेलिब्रेशन का दौर जारी है। हाल ही में उर्वशी रौतेला भी एक दिवाली पार्टी में शामिल हुईं। उनका दावा है कि इस दौरान उन्हें अपनी एक बड़ी सफलता के बारे में मालूम चला और इसे उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। उर्वशी का दावा है कि उनके तीन चर्चित गाने एक-एक बिलियन व्यूज के करीब पहुंच गए हैं। दिलचस्प बात है कि यह सफलता हासिल करने वाली वह पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री हैं।

### तीन गानों ने बनाया रिकॉर्ड


उर्वशी रौतेला ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने रेड कलर की ड्रेस में अपनी स्टनिंग और स्टाइलिश फोटोज शेयर की है। इसके साथ लिखा लंबा नोट गौर करने लायक है। उर्वशी ने लिखा है, पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री, जिसके तीन गाने अलग-अलग एक अरब व्यूज के करीब पहुचे हैं। कुल मिलाकर लगभग तीन अरब व्यूज हासिल हुए हैं। यह गाने हैं, सनम रे, हुआ है आज और लवडोज।

### फैंस ने दीं बधाई

इसी के साथ उर्वशी ने फैंस को धनतेरस और दिवाली की शुभकामनाएं भी दी हैं। मां लक्ष्मी आप और आपके परिवार पर समृद्धि, प्यार और रोशनी की बौछार करे। उर्वशी की इस सफलता पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। बता दें कि उर्वशी के यह तीनों ही गाने काफी चर्चित रहे हैं। हालांकि, तीनों को एक-एक बिलियन व्यूज अब तक तो नहीं मिले हैं, मगर सनम रे गाना इस संख्या के करीब जरूर है। बाकी दोनों गानों को भी यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले हैं।

### दिवाली पार्टी में मिली खूबसूरत न्यूज

उर्वशी ने आगे लिखा है, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। मुझे यह खूबसूरत न्यूज एक दिवाली पार्टी में पता चली। सच कहूं तो यह अभी भी काल्पनिक लग रहा है। आप सभी के प्रति मैं शुक्रगुजार हूं। मेरे कमाल के फैंस और शुभचिंतक, उन सभी के लिए जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मेरा उत्साह बढ़ाया, सभी का शुक्रिया। आपको अंदाजा भी नहीं है कि मेरे दिल में आप सभी के लिए कितना प्यार है।




# डीजल में अभिनय करना शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था

तमिल सिनेमा के उभरते सितारे हरीश कल्याण की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर डीजल 17 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में हरीश ने पहली बार एक एक्शन हीरो का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन शन्मुगम मुथुसामी ने किया है। एक इंटरव्यू में हरीश कल्याण ने बताया कि डीजल में काम करना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ था। हरीश कल्याण ने कहा, निर्देशक शन्मुगम मुथुसामी की रिसर्च और डिटेलिंग ने मुझे हैरान कर दिया। उनकी स्क्रिप्ट की गहराई ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे। पेट्रोल और डीजल हर किसी की जिंदगी से जुड़े हैं, और सोने से ज्यादा वैल्यूएबल कच्चा तेल, जिसे ब्लैक गोल्ड कहते हैं, दुनिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रिसोर्स है। हम रोज पेट्रोल पंप जाते हैं, लेकिन कच्चे तेल की उस डार्क वर्ल्ड के बारे में शायद ही सोचते हैं। डीजल उसी दुनिया को एक्सप्लोर करेगी।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और अनोखा एक्सपीरियंस लेकर आएगी। इसे गहराई और पर्पज के साथ क्राफ्ट किया गया है, और बड़े स्केल पर प्रोड्यूस किया गया है। हमने क्रिएटिव रिस्क लिए हैं जो कुछ अलग लेवल के हैं। दुनिया की सबसे बिजी लोकेशन्स पर शूटिंग करना सच में एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन साथ ही एक्साइटिंग भी। बताया जा रहा है कि अभिनेता हरीश कल्याण ने इस रोमांचक थ्रिलर पर बड़ा दांव लगाया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने प्रेग्नेंसी अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए मजेदार अंदाज में जवाब दिया है। रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मानव इतिहास में सबसे लंबी प्रेग्नेंसी का वर्ल्ड रिकॉर्ड मेरे नाम है (16 महीने पूरे हो गए हैं, हमारी समझदार मीडिया के हिसाब से)। ये सब सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने पेट पर हाथ रखकर पोज दिया था। आखिरी स्लाइड तक स्क्रॉल करें और हमारा रिएक्शन देखें... फिर इस दिवाली बस चमकते रहिए! दरअसल, दो दिन पहले सोनाक्षी और जहीर डिजाइनर विक्रम फडनीस के शो में शामिल हुए थे। इवेंट में हिस्सा लेने के लिए सोनाक्षी ने रेड और वाइट रंग की अनारकली पहनी थी। रेड कारपेट पर पैपराजी के लिए पोज देते समय वो दुपट्टे से अपना पेट कवर करती दिखीं। एक वीडियो में वो पेट पर हाथ रखते भी नजर आईं, जिसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहें चलने लगीं। वहीं, बुधवार को कपल प्रोड्यूसर रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचा था। इस दौरान दोनों मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान और सोहेल खान के बेटे के साथ पैपराजी को पोज देते दिखे। सोनाक्षी और जहीर ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2024 में शादी की थी। दोनों ने अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में घर पर ही शादी रजिस्टर करवाई थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डे टू डे लाइफ के वीडियो भी शेयर करते रहते हैं।

# द राजा साब के बाद मालविका मोहनन को मिली मेगा 158




तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।

# लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है



बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में दूल्हे के रोल में दिखेंगे संजय मिश्रा

## किरदार को टर्निंग प्वाइंट बताया

**बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का अनाउंसमेंट हाल ही में हुआ था। इस फिल्म में वह एक दूल्हे के रोल में दिखाई देंगे। ऐसा दूल्हा जो दूसरी बार शादी करने वाला है और शादी के लिए लड़की वालों को दहेज तक देने को तैयार है।**

संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दुल्हन मिल गई है, अब तैयार हो जाइए क्योंकि बारात जल्द ही आने वाली है, आपके नजदीकी या थोड़ी दूर सिनेमाघरों में।

इस पोस्टर में महिमा चौधरी को दुल्हनिया के रूप में दिखाया गया है, जबकि संजय मिश्रा उनकी तस्वीर लिए बैठे दिख रहे हैं। संजय मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह किरदार उनके लिए क्यों खास है। अभिनेता ने कहा, दुर्लभ प्रसाद एक ऐसा किरदार है जिसे आप उसकी सादगी और मासूमियत के लिए पसंद करेंगे। इमोशन के साथ कॉमेडी हमेशा खास होती है, और इस फिल्म में दोनों ही भरपूर हैं। मैं दर्शकों को इस अनोखे दूल्हे और उसके अनोखे सफर से रूबरू कराने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं, फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ ही सोचने को भी मजबूर कर देगी। इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। इससे पहले फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में संजय मिश्रा ने लिखा था, टैग करें, शेयर करें और जीवनसंगिनी ढूंढने में दुर्लभ प्रसाद का साथ दें। दुल्हन खोज अभियान से जुड़िए, कौन जाने आपका एक शेयर किसी की जिंदगी में प्यार भर दे।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में महिमा चौधरी, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया, और श्रीकांत वर्मा जैसे कलाकार भी हैं। एका एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में एक ऐसे बेटे की कहानी है जो विधुर पिता की दूसरी शादी करवाना चाहता है। इस फिल्म को सिद्धांत राज सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट नहीं आई है।



## ओएमएसआरआई धौलपुर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह

### नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ऑर्गेनाइजेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव ऑफ इंडिया धौलपुर इकाई की ओर से तृतीय कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह रविवार को स्टेशन के सामने स्थित एक होटल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, सदस्य व शहर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर विभाग के संघचालक भागीरथ सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम गर्ग मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भरतपुर विभाग प्रचारक उत्कर्ष ने संगठन की भूमिका एवं चिकित्सा प्रतिनिधियों के समाज में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महासचिव महेश उपाध्याय तथा भारतीय मजदूर संघ धौलपुर के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, अनुपम पांडेय, प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय मेडिको संगठन धौलपुर के संयोजक डॉ. वी. डी. व्यास तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन धौलपुर के अध्यक्ष डॉ. निखिल अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई तथा संगठन के उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## प्रेस वार्ता में सवाल पर बढ़ा विवाद: विधायक के व्यवहार पर सियासत गरम, भाजपा नेता का पलटवार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर रविवार को शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सवाल-जवाब के बीच सियासी माहौल गरमा गया। प्रेस वार्ता में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव साफिया जुबैर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी दौरान एक पत्रकार ने धौलपुर जिले के विकास कार्यों को लेकर सवाल किया, लेकिन जवाब देने से पहले ही राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा की नाराजगी सामने आई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, विधायक की प्रतिक्रिया को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। इस घटनाक्रम पर भाजपा नेता जयवीर पोसवाल ने प्रेस नोट जारी कर विधायक के व्यवहार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पत्रकार के सवाल पर इस प्रकार की प्रतिक्रिया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान है, जो किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। पोसवाल ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में अपेक्षित विकास नहीं हुआ, जबकि वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से क्षेत्र में सड़कें, चंबल परियोजना, नगर पालिका और कृषि मंडी सहित कई विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदारों के भुगतान को लेकर भ्रम फैलाना उचित नहीं है और संबंधित अधिकारियों के अनुसार बजट की कोई कमी नहीं है। कुछ ठेकेदार ही कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

## ट्रेन में अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त, 48 बोतलें बरामद, आरोपी फरार

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रेन से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान कुल 48 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 97 हजार 320 रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में टीम ने ट्रेन संख्या 19412 दौलतपुर एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच के लिनन बॉक्स की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बेडशीट में लपेटकर छिपाकर रखे गए चार कार्टन बरामद हुए। जांच करने पर इनमें 24 बोतल ब्लेंडर स्प्राइड व्हिस्की, 12 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की तथा 12 बोतल एब्सोल्यूट वोडका मिली। कुल मिलाकर करीब 36 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। बिना वैध दस्तावेज और परमिट के शराब का परिवहन किए जाने के चलते आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में भजनाराम, कांस्टेबल कृष्ण, रामलाल सहित टास्क टीम प्रभारी राजेश सिंह उपनिरीक्षक व टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नाम परिवर्तन

मैं बाबु लाल पुत्र पूर्णा राम जाति सुथार निवासी ग्राम बैरासर तहसील बीदासर जिला चुरु राजस्थान का निवासी हूँ

मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम कृपा है और उसकी जन्म तिथि 24/10/2013. व उसकी माता का नाम पार्वती व पिता का नाम बाबु लाल के रूप में अंकित है।

मेरे पुत्री कृपा के स्कूल रिकार्ड में उसका नाम मनिषा अंकित है उसकी माता का नाम पार्वती देवी के अंकित है वो भुलवंश गलत अंकित हैं वास्तविक सही नाम कृपा व उसकी माता का सही नाम पार्वती है।

मै अपनी पुत्री कृपा के स्कूल रिकार्ड में उसके मनीषा नाम के स्थान पर कृपा व उसकी माता का नाम पार्वती देवी के स्थान पर पार्वती अंकित करवाना चाहता हूँ जो सही हैं।

यह कि भविष्य में उपरोक्त कथनों व लिखित के संबंध में किसी प्रकार का विवाद होता हैं तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।

## कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देने की पहल, कल से प्रारंभ होगा ग्राम रथ अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि ग्राम रथ अभियान प्रदेशवासियों को राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन व ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्य सचिव रविवार को शासन सचिवालय में ग्राम रथ अभियान के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसानों को तकनीकी रूप से उन्नत कृषि की ओर अग्रसर करने तथा कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जयपुर में 23 से 25 मई तक 'ग्राम-2026' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य सरकार की ओर से 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में ग्राम रथों का रूट चार्ट तैयार कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान संपर्क पोर्टल पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, आवश्यक समर कंटीजेंसी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम रथ अभियान से जुड़े सभी 13 विभाग कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी जिला कलेक्टरों से अभियान की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त करने के लिए सुझाव पेटिका की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, विभिन्न अवसरों पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संदेश व संवाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। जिला स्तर से जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, सहित सभी विभागीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़ें।

## गौशाला समिति विवाद ने पकड़ा तूल, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** शहर से करीब 5-7 किलोमीटर दूर जेल रोड से आगे भेंसेना मार्ग पर स्थित वनखंडी हनुमान मंदिर की गौशाला समिति को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है। मामले ने प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ लिया है और स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल 2002 को 'वनखंडी हनुमान जीव गौशाला समिति, धौलपुर' का विधिवत पंजीकरण हुआ था। इसके पश्चात मई 2002 में राज्य सरकार की ओर से गौशाला संचालन के लिए लगभग 20 हेक्टेयर भूमि भी आवंटित की गई थी। मंदिर का संचालन राघव परंपरा के अंतर्गत अयोध्या के रामघाट से होता है, जहां से महंत की ओर से अजय मिश्रा को पुजारी के रूप में यहां नियुक्त किया गया था। ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि पुजारी अजय मिश्रा ने अधिकृत समिति को दरकिनार करते हुए 'वनखंडी धाम गौशाला समिति' नाम से एक नई समिति का गठन कर लिया। आरोप है कि इस नई समिति के माध्यम से गौशाला से जुड़े संसाधनों व लाभों का उपयोग किया जा रहा है, जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। ज्ञापन में जिला प्रशासन से निम्न मांगें की गई हैं। नई गठित समिति को तत्काल निरस्त किया जाए उसकी पंजीकरण/सूची प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए पुजारी अजय मिश्रा को पद से हटाया जाए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. एम.एस. दुबे, राघवेंद्र सिंह, यतीश, सतीश शर्मा, महंत कुलदीप दास, जगदीश शर्मा, भूरो सिंह राणा, तुलसी प्रसाद, केदार सिंह शर्मा और गिरराज सिंह गुर्जर शामिल रहे।

## पार्वती नदी बनी काल: साथियों को बचाने उतरे तीन मासूम खुद डूबे, गांव में पसरा मातम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले में रविवार का दिन मनियां थाना क्षेत्र के गढ़ाइच गांव के लिए कभी न भूलने वाला बन गया। पार्वती नदी में नहाने गए तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया, हर घर में सन्नाटा पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गढ़ाइच गांव के एक दर्जन से अधिक बच्चे रविवार की छुट्टी का आनंद लेने के लिए पास बहने वाली पार्वती नदी पर पहुंचे थे। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे नदी में नहा रहे थे और किनारे खेल रहे थे। इसी दौरान खेल-खेल में कुछ बच्चे अनजाने में गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। साथियों को संकट में देख 12 वर्षीय भूरा (पुत्र रामबरन), 12 वर्षीय सोनम (पुत्री रघुवीर) और 14 वर्षीय निशु (पुत्री भूरी सिंह) ने बिना अपनी जान की परवाह किए उन्हें बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन नदी की गहराई और तेज बहाव इन मासूमों की हिम्मत पर भारी पड़ गया। दूसरों की जान बचाने निकले ये तीनों बच्चे खुद पानी की गहराइयों में समा गए। नदी किनारे मौजूद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। जिन घरों में कुछ समय पहले तक बच्चों की किलकारियां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव का हर व्यक्ति इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है। मनियां थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## बाबा श्याम के भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** स्थानीय जीके सिटी में बीती रात श्री श्याम प्रभु का जागरण श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई और अपनी सुख-समृद्धि की कामना की। जागरण का शुभारंभ बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलन और पावन आरती के साथ हुआ। मधुसूदन जिंदल व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बाबा का दरबार फूलों और भव्य श्रृंगार से सजाया गया था, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। भजन गायक विकास वर्मा एंड पार्टी ने 'हारे का सहारा है मेरा बाबा श्याम ', ' कीर्तन की है रात ',और 'पवनसुत विनती बारम्बार' जैसे कर्णप्रिय भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुनों पर भक्त इस कदर भावविभोर हुए कि पूरी रात पंडाल में झूमते और नृत्य करते नजर आए। भव्य झांकी और छप्पन भोग ने जागरण के दौरान समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में बाबा को 'छप्पन भोग' का प्रसाद लगाया गया और उपस्थित भक्तों के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर रामगोपाल जिंदल व शांति देवी की 75 वी वैवाहिक वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मधुसूदन जिंदल, मृदुल जिंदल, अनीता, गिरधारी लाल, शिवांगी, श्रेया, आरएसएस प्रचारक रौनक कुमार, मुकेश सूतैल, नरेंद्र बरगद मैन, देवेंद्र शर्मा, आकाश गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, हरिओम तोमर, राणा प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रजापति, पंकज बंसल, कपूर चंद, नरेश शर्मा, नवरत्न, श्रीकांत त्यागी, सोनू गर्ग, विश्वनाथ सूतैल सहित बड़ी संख्या में महिलाओ, बच्चों व पुरुषों ने भजनों का आनंद लिया। सुबह तक चले जागरण का समापन मंगला आरती के साथ सम्पन्न हुआ। मधुसूदन जिंदल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सुख-शांति और बाबा के प्रति समर्पण का भाव जगाना है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर: 747 मरीजों की जांच, 40 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के अंतर्गत कौशल्या दास की बावड़ी स्थित हनुती हनुमान मंदिर परिसर में नि:शुल्क आयुर्वेद व एलोपैथी स्वास्थ्य जांच वं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर महात्मा गांधी अस्पताल, आरएचटीसी वाटिका, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं रामा कृष्णा शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान तथा समाजसेवी खेमराज शर्मा बावड़ी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में एलोपैथी के 325 तथा आयुर्वेद के 422 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्रीराम तिवारी (उपमुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी) एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद शर्मा उपस्थित रहे। शिविर में रामा कृष्णा शिक्षा समिति के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा के नेतृत्व में महात्मा गांधी अस्पताल वाटिका की टीम से डॉ. वृंदा, डॉ. विशाल, डॉ. गौरव सोनी, डॉ. मीमांसा, डॉ. प्रखर शर्मा, डॉ. रश्मी तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा, डॉ. दयानंद हिरेमठ, डॉ. चैत्रा हेगड़े, डॉ. माधुरी महाले एवं डॉ. भंवराराम ने सेवाएं दीं। समापन पर रामा कृष्णा शिक्षा समिति की ओर से प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा व सचिव डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी चिकित्सकों, अतिथियों और समाजसेवी खेमराज शर्मा व जितेन्द्र शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत बड़ी कार्रवाई: 6.73 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जमवारामगढ़(निस)।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के तहत जयपुर ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6.73 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि जयपुर रेंज के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश (आईपीएस) के निर्देश पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिलेभर में 'ऑपरेशन एंटी वेनम' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ड्रग्स तस्करों, सप्लायर्स और उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 25 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह और वृताधिकारी जामवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई के सुपरविजन में थाना जामवारामगढ़ पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए नदी थाना क्षेत्र की ओर जाने वाले रास्ते पर निगरानी शुरू की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर कच्चे रास्ते की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने पास अवैध स्मैक होना स्वीकार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 6.73 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी कन्हैयालाल (45), निवासी नदी पार की ढाणी, थाना जामवारामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी के पास मादक पदार्थ रखने और बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी स्मैक कहां से लाता था और किन-किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई करता था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भगवान सहाय के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल रामकिशन, हरिकिशन, महेंद्र कुमार, राजेंद्र, महिला कांस्टेबल किरण, चालक मोहित और विजय सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर जिले के बगरू थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक सक्रिय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल चोरी सहित आधा दर्जन वारदातों का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। यह पूरी कार्रवाई राकेश कुमार गुप्ता और हेमेंद्र शर्मा के सुपरविजन में अंजाम दी गई। वहीं बगरू थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल लालाराम, कांस्टेबल हंसाराम और कांस्टेबल मुकेश कुमार शामिल रहे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय नागर, सुमित प्रजापत और तौसीफ खान के रूप में हुई है, जो बगरू क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह सुनसान स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाता था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

## संत शिव राम दास को श्री माखन दास धाम का चुना महंत

जयपुर टाइम्स



धौलपुर(निस)। मनीराम का पुरा स्थित श्री माखन दास आश्रम पर श्री माखन दास महाराज का गोलोक वास होने के कारण उनकी प्रथम बरसी पर महंत पद के लिए चयन समति की बैठक वरिष्ठ संत रमन बिहारी दास मुड़िया खेरा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें चम्बल क्षेत्र के संत, महंत, शिष्य, भक्त गणों के साथ ही क्षेत्र की जनता भी शामिल हुई। महंत पद हेतु योग्य संत के लिए सभी के मध्य गहन विचार विमर्श के पश्चात् संत शिव राम दास के नाम पर सहमति बनी। उपस्थित सभी लोगों ने एक राय होकर संत शिवराम दास की घोषणा की। चयन प्रक्रिया के बाद श्री श्री 108 श्री महंत बालक दास जी मलिकपुर ने श्री फल एवं अक्षत भेंट कर संत शिव राम दास को आसन पर स्थान ग्रहण कराया। संत रमन बिहारी दास ने तिलक कर धाम अभिषेक किया, साथ ही संत शिवानंद मचकुंड धाम, संत रामदास वाटर बॉक्स, संत रणछोड़ दास मचकुंड धाम, संत राजेश्वर चैतन्य शक्तिपीठ बिलोनी धाम, संत हनुमान दास गंगाबाई की बगीची, संत माधव दास बाड़ी, संत बनवारी दास बामनी नदी वाले एवं अन्य संत-महंतों ने शाल उड़ाकर फूल माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात समस्त उपस्थित भक्तों ने फूल मलाओ के साथ उन्हें शुभ कामनाए दी। इस प्रक्रिया के बाद संत शिवराम दास ने महंत पद की शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि मैं श्री माखन दास धाम मनीराम पुरा धौलपुर के महंत पद की गरिमा को बनाए रखने के साथ ही धाम के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखूँगा। मैं धाम पर सभी भक्तों एवं साधु संतों के साथ एक समान व्यवहार रखूंगा और धाम पर प्रतिदिन होने वाली धार्मिक क्रियाओ को जारी रखूँगा। ज्ञात हो कि संत शिवराम दास 58 वर्ष के हैं वह मूल रूप से शमशाबाद उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन तक शिक्षा ग्रहण की है और उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य से जीवन जीने की शपथ ली है। वह 20 वर्ष तक कठोर तपस्या एवं एकांतिक भजन के बाद अपने गुरुदेव के आदेश के बाद धाम पर आए है। वह सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम को 4:00 बजे तक मौन धारण करते हैं और बहुत ही कम बोलते हैं। सांसारिक प्रक्रियाओं में हिस्सा नहीं लेते हैं और कठोर अनुशासन में रहते हैं। इनके चयन से क्षेत्र वासियो में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, शिवराज, रामसेवक, रामकुमार, भगवान दास, मुन्नालाल, रामवीर, रविंद्र दास, राधेश्याम, ऋषि, बनवारी पूर्व सरपंच सामोर, बनवारी पूर्व सरपंच सिंघावली, हर्बल सिंह एवं क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

## गौ सम्मान में शामिल होगी गीता क्लासेज की टीम, ध्यान नाथ महाराज ने किया पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सर्राफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को भानी नाथ आश्रम, चूरू के संत ध्यान नाथ महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी 27 अप्रैल को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत होने वाले विशाल जुलूस को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान गीता क्लासेज की पूरी टीम ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ध्यान नाथ महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में संत ध्यान नाथ महाराज ने गीता क्लासेज के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नियमित अध्ययन सत्र के अंतर्गत आचार्य जनार्दन ने बच्चों को पंचामृत व पांच श्लोकों का अध्ययन करवाया। माधुरी शर्मा ने बच्चों को जीवन से जुड़े 11 महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी, जिसमें ध्यान एकाग्र करने का नियम भी शामिल है। ध्यान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अनुष्का क्याल को प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निरंजन देव आचार्य व हर्षित सोनी ने गजल गीत की प्रस्तुति दी और बच्चों को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस अवसर पर सुरेश सैनी, शंकर लाल, दिव्या शर्मा, पूनम शर्मा, खुशी सैनी, पूजा खंडेलवाल सहित गीता क्लासेज के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिव्या भाटी ने किया।

## प्रजापत के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रौशनी, नेत्रदान महादान का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के सूर्य मन्दिर के पीछे रहने वाले शंकरलाल प्रजापत पुत्र कानाराम प्रजापत 65 वर्ष का आकस्मिक निधन शनिवार रात को हो गया। इस घड़ी में परिवारजनों ने साहस, संवेदना और परोपकार का अद्भुत परिचय देते हुए नेत्रदान करने का निर्णय लिया। स्व शंकरलाल प्रजापत के नेत्रदान से दो जरूरतमंद लोगों की अंधेरी दुनिया में रोशनी लाई जा सकेगी। शंकरलाल प्रजापत की पत्नी गोमतीदेवी, पुत्र बाबूलाल, कृष्ण कुमार घन्टेलवाल तथा भाई हुलासचंद, गुलाबचंद, मघराज, लक्ष्मीनारायण सहित घन्टेलवाल परिवार की सहमति पर प्राणनाथ होस्पिटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने नेत्र संग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 43 वां नेत्रदान है। इस नेत्रदान में प्रजापति समाज के अध्यक्ष योगेश्वर किरोड़ीवाल, रेंवतराम भाटीवाल, छगनलाल भाटीवाल, दौलतराम भाटीवाल, लालचंद होदकासिया, ओमप्रकाश भाटीवाल, मघराज घन्टेलवाल व फुसाराम स्वामी की प्रेरक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केन्द्र के समन्वयक ने बताया कि अब तक सरदारशहर से 14, श्रीडूंगरगढ़ से 13, सुजानगढ़ से 4, सादुलपुर से 2, सीकर, रतनगढ़, राजलदेसर, लाडनूं, छापर से एक एक तथा सरदारशहर के ग्रामीण क्षेत्र बरड़ासर, बोघेरा उड़सर तथा श्रीडूंगरगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र कुन्तासर एवं मोमासर से एक एक नेत्रदान हो चुका है। शंकरलाल प्रजापत के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ होस्पिटल के चेयरमैन शान्ति लाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।



## राजस्थान के स्कूलों से किताब हटाए जाने का मुद्दा लोकसभा में गूंजेगा, डोटासरा की बीजेपी को चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** राजस्थान में स्कूलों से किताब हटाए जाने के मामले में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला. सीकर में निजी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आजादी से पहले और बाद के गौरव से जुड़े इतिहास को पाठ्यक्रम से हटाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित 'ब्रेनवॉश' अभियान है, जिसके जरिए शिक्षा के माध्यम से वैचारिक एजेंडा फैलाया जा रहा है. बता दें कि शिक्षा विभाग ने 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा की 4 किताबों को कोर्स से हटा दिया है. राजस्थान और इतिहास से जुड़ी किताबों के हटाने पर कांग्रेस हमलावर है. पीसीसी चीफ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इशारे पर भाजपा की ओर से इस तरह की पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है. प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों पर आरएसएस की विचारधारा थोपने की कोशिश हो रही है. उन्होंने कहा, 'जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने आजादी के पहले और बाद का स्वर्णिम भारत पुस्तक 11वीं और 12वीं कक्षा में शुरू की थी. ताकि राजस्थान के शौर्य, स्वतंत्रता संग्राम, इतिहास के बारे में बच्चों को शिक्षा मिल सके. इसकी प्रशंसा पूरे देश के साथ एनसीईआरटी ने भी की थी. लेकिन अब इन किताबों को स्कूलों में नहीं पढ़ाया जाएगा. अगर इससे अच्छा पढ़ाने के लिए उनके पास और कोई सिलेबस है तो वह लेकर आए, लेकिन किताब हटाना ठीक नहीं.' उन्होंने कहा, 'टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना आ गया है. शिक्षा में नवाचार होना चाहिए. बार-बार सरकारी शिक्षकों के माध्यम से सरकारी संस्थानों में किताबें बांटकर नफरत फैलाना और दुष्प्रचार करना बेहद गंभीर विषय हैं ।

# गांव-गांव पहुंचेगा 'ग्राम रथ', 15 दिन तक चलेगा जागरूकता अभियान-23 से 25 मई को होगा भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की ओर से किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 23 से 25 मई तक होने वाले 'ग्राम' (ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट) की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में 27 अप्रैल से जिलेभर में 15 दिवसीय 'ग्राम रथ अभियान' चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। रविवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर संदेश नायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह आयोजन कृषि निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और किसान समृद्धि से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मंच होगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों किसान और पशुपालक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिले की 10 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों–बगरू, आमेर, बस्सी, चाकसू, दूदू, फुलेरा, चौमू, जमवारामगढ़, शाहपुरा और




झोटवाड़ा–के 22 ब्लॉक व 597 ग्राम पंचायतों में यह अभियान लगातार 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इसके अलावा सांगानेर क्षेत्र में भी अभियान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभियान के तहत एलईडी युक्त मोबाइल रथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों में 5 से 6 स्थानों पर लगभग एक-एक घंटे तक वीडियो और ऑडियो संदेशों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे।

### 13 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी

इस अभियान के दौरान कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायतीराज और ग्रामीण विकास सहित 13 विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

### सुझाव पेटिका से सरकार तक पहुंचेगी आवाज

ग्राम रथों में सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं और सुझाव लिखकर सरकार तक पहुंचा सकेंगे।

### कला जत्था बनेगा आकर्षण का केंद्र

अभियान के दौरान संध्या चौपाल विशेष आकर्षण रहेगा, जहां कला जत्था के कलाकार गीत-संगीत और नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार करेंगे। साथ ही किसानों और पशुपालकों को 'ग्राम' आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## वैध नशे के कारोबार के खिलाफ सुजानगढ पुलिस का कड़ा प्रहार

### प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ऑपरेशन नकेल व एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही की है। प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही के तहत एनडीपीएस एक्ट व आबकारी एक्ट में अवैध गांजा व अवैध शराब बरामद कर महिला मुल्जिमा सहित 2 को किया गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि 24 अप्रेल को उद्घोषित अपराधी, भगौड़े, स्थाई वारटियों, टॉप-10 सक्रिय वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, सम्पति सम्बन्धी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों, साधारण/ गम्भीर अपराधों में वांछित अपराधियों, गिरफतारी वारन्टी, विगत 05 वर्षों में जिनके खिलाफ 03 या 03 से अधिक गम्भीर प्रकृति के मामले अपराध दर्ज हुए है, एवं गैंग्स के सक्रिय सदस्यों को टारगेट करते हुये उनके रिहायशी/ संभावित ठहरने के स्थानों पर दबिश दी जाकर



उनके विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा का कार्यवाही हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया गया। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, उप अधीक्षक दरजाराम बोस के निर्देशन में कोतवाली थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग 5 टीमें गठित की गयी। जिनमें कुल 30 अधिकारी व मुलाजमान सम्मिलित रहे। प्रथम टीम प्रभारी सब इंस्पेक्अर रामस्वरूप द्वारा संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जाकर मुल्जिम अनील सांसी के कब्जे से अवैध गांजा 5 किलो 698 ग्राम, 16 बोतल बीयर व 15 पव्वे देशी शराब के बरामद कर गिरफतार किया धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 19/54 आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी प्रकार द्वितीय टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर पप्पूराम द्वारा संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जाकर महिला मुल्जिमा रूकमा के कब्जा से अवैध शराब अंग्रेजी व देशी विभिन्न ब्राण्ड़ के कुल 50 पव्वे जब्त कर गिरफतार किया आबकारी एक्ट में दर्ज किया गया। अन्य टीमों द्वारा कस्बा सुजानगढ़ में थाना इलाका के एच.एस. चालान सुदा अपराधियों को चैक किया गया, वाछित भगौड़ों एवं स्थायी वारण्टीयों के संभावित स्थानों पर दबिश दी जाकर तलाश की गयी। कार्यवाही कने वाली टीम में एएसआई नरेन्द्र कुमार, एएसआई जगदीश कुमार भी शामिल रहे। बता दें कि पुलिस थाना सुजानगढ़ टीम की ओर से अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 कार्यवाही और आबकारी एक्ट के तहत 7 कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## नवोदय विद्यालय पाटन में मोटिवेशनल सेमिनार व सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स





**पाटन(निस)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन में रविवार को नवचयनित एलुमनाई साथियों के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशनल सेमिनार का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयनित संजय कुमार जटराना (बैच 2014) को सम्मानित किया गया। साथ ही आरएएस 2024 में चयनित किशन लाल (बैच 2001), राकेश प्रजापति (बैच 2011) एवं सरिता महरिया (बैच 2016) तथा असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश कुमार कुमावत (बैच 2008) का भी सम्मान किया गया। नवचयनित पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। आईपीएस संजय जटराना ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उन्होंने भी इसी विद्यालय में अध्ययन के दौरान एक एलुमनाई अधिकारी से प्रेरणा लेकर आईपीएस बनने का लक्ष्य निर्धारित किया था। आरएएस अधिकारी किशन लाल ने अपनी सफलता का मूलमंत्र अनुशासित जीवन को बताया, वहीं राकेश प्रजापति ने नवोदय जीवन को अपनी सफलता की आधारशिला बताया। सरिता महरिया ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजस्थान नवोदय ऊर्जा सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चौधरी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया। सोसायटी अध्यक्ष रफीक खान भगासरां ने कहा कि विद्यार्थियों के मोटिवेशन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह शेखावत ने सभी एलुमनाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालय में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। उप-प्राचार्या मंजू श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत एलुमनाई टीम ने छात्रावास व मेस का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनके साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्य सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

## 40 साल पुराना विवाद सुलझा, मन्नापुरा में 306 बीघा जमीन का आपसी सहमति से बंटवारा

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** तहसील क्षेत्र के मन्नापुरा गांव में करीब 40 वर्षों से चल रहे भूमि विवाद का समाधान करते हुए 306 बीघा 9 बिस्वा जमीन का आपसी सहमति से विभाजन कराया गया। इस भूमि में कुल 111 खातेदार शामिल थे, जिनके बीच लंबे समय से विवाद बना हुआ था। सांभरलेक तहसीलदार सृष्टि जैन के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने समझाइश के जरिए सभी पक्षों को सहमत कर बंटवारे की प्रक्रिया पूरी कराई। वर्षों से लंबित इस मामले के निपटारे से खातेदारों को बड़ी राहत मिली है और क्षेत्र में शांति का माहौल बना है। उन्होंने बताया कि सह खातेदार रामदेव पुत्र रुगन्नाथ, चंदालाल पुत्र मांगीलाल, पोखर पुत्र जगन्नाथ सहित सभी खातेदार उपस्थित रहे। इस दौरान गिरदावर धन्नालाल, राजेंद्र सिंह, अशोक सैनी, पटवारी सत्यनारायण चौधरी, कैलाश किशनवत, प्रहलाद वर्मा सहित अन्य राजस्व कार्मिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि आपसी समझाइश से विवाद सुलझाने से समय और संसाधनों की बचत होती है, साथ ही आपसी सौहार्द भी बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चल रहा विवाद खत्म होने से अब वे निश्चिंत होकर खेती-बाड़ी कर सकेंगे और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

**छह माह से जारी रही समझाइश की कवायदः**

इस मामले में प्रशासन ने काफी समय पहले ही समझाइश की कवायद शुरू कर दी थी। तहसीलदार ने बताया कि यह मामला पिछले साल नवंबर माह में हमारे संज्ञान में आया था तब से ही इन खातेदारों के बीच समझाइश का प्रयास कर रहे थे। करीब पांच छह बार इस मामले में इन लोगों के बीच समझाइश की गई तब जाकर यह मामला सुलझ पाया है।

**सभी खातेदारों को मिला रास्ताः**

तहसीलदार सृष्टि जैन ने बताया कि इस मामले में सभी 111 खातेदारों का खाता विभाजन इस तरह किया गया है कि सभी को आवागमन में सुविधा रहे। सभी खातेदारों को रास्ता दिया गया है। वहीं इस खाता विभाजन में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र दो दिन में तकासमा रिकॉर्ड में दर्ज करने का दावा भी प्रशासन ने किया है। तहसीलदार ने बताया कि आदेश जारी करना अलग बात है, उसको शीघ्र रिकॉर्ड में अपडेट करना हमारा दायित्व है।

**ग्रामीणों ने किया टीम का अभिनंदनः**

मन्नापुरा के ग्रामीणों ने इस खाता विभाजन का आपसी सहमति से विभाजन कराने पर तहसीलदार सृष्टि जैन सहित राजस्व टीम का अभूतपूर्व अभिनंदन किया और इस कार्य को एक मिसाल बताया। इस दौरान उपस्थित सैंकड़ों ग्रामीणों से तहसीलदार ने अपील की है कि न्यायालय में जाने की बजाय आपसी सहमति से विभाजन कराए जिससे समय, पैसे की बचत हो सके और आपसी भाईचारा भी कायम रह सके।

## कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देने की पहल, 27 अप्रैल से प्रारंभ होगा ग्राम रथ अभियान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि 27 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला ग्राम रथ अभियान प्रदेशवासियों को राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्य सचिव रविवार को शासन सचिवालय में ग्राम रथ अभियान के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसानों को तकनीकी रूप से उन्नत कृषि की ओर अग्रसर करने तथा कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जयपुर में 23 से 25 मई तक 'ग्राम-2026' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य सरकार द्वारा 27 अप्रैल से 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में ग्राम रथों का रूट चार्ट तैयार कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान संपर्क पोर्टल पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, आवश्यक समर कंटीजेंसी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम रथ अभियान से जुड़े सभी 13 विभाग कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी जिला कलेक्टरों से अभियान की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियान के नोडल विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त श्री राकेश शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश की 183 ग्रामीण बहुल विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम रथों के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम रथ द्वारा प्रतिदिन 4 से 5 ग्राम पंचायतों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा कला जत्था के माध्यम से संध्या चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे योजनाओं की जानकारी जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# दीक्षांत नहीं अंत, नवजीवन की शुरुआतः राज्यपाल बागड़े

### सरदार पटेल विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/जोधपुर(कासं)।।** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा




कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नवजीवन की शुरुआत है। अर्जित ज्ञान को समाज और राष्ट्र के हित में समर्पित करना ही इसका वास्तविक उद्देश्य है। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां शिक्षा को व्यवहार में उतारने का संकल्प लिया जाता है। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल परंपरा के समावर्तन संस्कार का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सत्य, धर्म और विनम्रता के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि देश में पुलिसिंग की भूमिका अत्यंत चुनौतीपूर्ण है, जहां साइबर अपराध, आतंकवाद, नशीले पदार्थों का प्रसार और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ऐसे में पुलिस को जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए जनता का विश्वास जीतना होगा। राज्यपाल ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आंकड़ा विश्लेषण, फोरेंसिक विज्ञान और साइबर सुरक्षा में दक्षता आवश्यक है, लेकिन इसके साथ मानवीय मूल्यों का समावेश भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सरदार पटेल के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और न्याय की रक्षा के लिए करें। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का आधार है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि न्याय धर्म की जड़ है और सेवा राष्ट्र की शक्ति। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र सेवा, न्याय और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और दाण्डिक न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक और शोध आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है। समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं को उपाधियां व पदक प्रदान किए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।